# सब का सपना

Tittle Code :-UPHIN 51223

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष-01 अंक-11 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 08 जनवरी से 14 जनवरी 2024 पेज-08 मूल्य 5 रूपये


# विकसित भारत के निर्माण में लक्षद्वीप की बहुत बड़ी भूमिका

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत के अपने दौरे के दूसरे दिन लक्षद्वीप पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत के अपने दौरे के दूसरे दिन लक्षद्वीप पहुंचे. जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. पीएम मोदी का लोगों ने जोरदार स्वागत किया.

इसके साथ ही पीएम मोदी ने लक्षद्वीप की राजधानी कवरत्ती में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की लाभार्थियों से भी मुलाकात कर बातचीत की. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया. बता दें कि अपनी दो दिवसीय दक्षिण भारत की यात्रा के पहले दिन मंगलवार को पीएम मोदी तमिलनाडु पहुंचे. जहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया. साथ ही एक जनसभा को भी संबोधित किया.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कवरत्ती में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ₹साल 2020 में आपको मैंने गारंटी दी थी कि 1000 दिन में आपको तेज इंटरनेट की सेवा पहुंच जाएगी. पीएम मोदी ने कहा कि, आज कोच्चि लक्षद्वीप सबमरीन-ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट का लोकार्पण हो गया है.

अब लक्षद्वीप में भी सौ गुणा अधिक स्पीड से इंटरनेट चल पाएगा.₹ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, तेज इंटरनेट से सरकारी सेवाएं हों, इलाज हो, एजुकेशन हो, डिजिटल बैंकिंग हों ऐसी अनेक सेवाएं और बेहतर होंगी.पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण में भी लक्षद्वीप की बहुत बड़ी भूमिका है, भारत सरकार लक्षद्वीप को इंटरनेशनल टूरिज्म मैप पर प्रमुखता से लाने का प्रयास कर रही है.

हाल में ही में जी20 की जो मीटिंग हुई है. उससे लक्षद्वीप को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है. स्वदेश दर्शन योजना के तहत लक्षद्वीप के लिए डेस्टिनेशन स्पेसिफिक मास्टर प्लान बनाया जा रहा है.

लक्षद्वीप के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने केंद्र की विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी मुलाकात की.

जिसकी तस्वीरें पीएम मोदी खुद अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से शेयर की. इन तस्वीरों को साझा करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, लक्षद्वीप में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत करना सुखद रहा. महिलाओं के एक समूह ने बताया कि कैसे उनके एसएचजी ने एक रेस्तरां शुरू करने की दिशा में काम किया, जिससे वे आत्मनिर्भर बनीं.

पीएम मोदी ने लिखा, एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि उन्हें आयुष्मान भारत ने हृदय रोग के इलाज में मदद की, और पीएम-किसान योजना ने एक महिला किसान का जीवन बदल दिया. तमाम लोगों ने मुफ्त राशन, दिव्यांगों के लिए लाभ, पीएम-आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला योजना के लाभ की बात की ये सुनकर बहुत खुशी हुई.

> पीएम मोदी ने लिखा, एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि उन्हें आयुष्मान भारत ने हृदय रोग के इलाज में मदद की, और पीएम-किसान योजना ने एक महिला किसान का जीवन बदल दिया . तमाम लोगों ने मुफ्त राशन, दिव्यांगों के लिए लाभ, पीएम-आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला योजना के लाभ की बात की ये सुनकर बहुत खुशी हुई .

### जरूर पढ़ें

## रेलवे ने खाटू श्याम प्रेमियों की कर दी मौज, ट्रेन में बढ़ाए गए कोच

**नई दिल्ली:** खाटू श्याम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे ने खाटू श्याम प्रेमियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दिल्ली-जैसलमैर-दिल्ली रूणिचा एक्सप्रेस ट्रेन में तीन कोच बढ़ा दिए हैं। गुड़गांव-रेवाड़ी के रास्ते चलने वाली इस ट्रेन में दो द्वितीय शयनयान और एक थर्ड एसी डिब्बे की स्थायी तौर पर बढ़ोतरी की गई है।बता दें कि गुड़गांव स्टेशन से एकादशी, नए साल, दिवाली और फाल्गुन माह में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु खाटू श्याम के लिए जाते हैं। गुड़गांव से जैसलमैर, जयपुर, बिकानेर जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में खचाखच यात्रियों की भीड़ होती है। नए साल पर तो ट्रेन के दरवाजे नहीं खुलने पर यात्रियों ने ट्रेन को ही रोक था। भीड़ ने ट्रेन में तोड़फोड़ भी की थी।

## चार और जिलों में बढ़ाई गईं सर्दी की छुट्टियां

**गोरखपुर:** कोहरा और शीतलहर को देखते हुए 10 जनवरी तक गोरखपुर में 12वीं तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। वहीं पीलीभीत, बदायूं और बिजनौर में आठवीं तक के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। मेरठ की बात करें तो यहां दीवान पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं में कक्षा आठ तक का विंटर ब्रेक बढ़ाया गया है। गोरखपुर डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी स्कूलों को 10 जनवरी तक बंद रखा जाएगा। पहले 6 जनवरी तक अवकाश घोषित था। शीतलहर को देखते हुए सर्दी की छुट्टियों में विस्तार किया गया है।

# भारत ने लगाई मालदीव की क्लास

नई दिल्ली, एजेंसियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मालदीव में मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी पर कमेंट किया था। दो अन्य मंत्रियों मालशा और हसन जिहान ने भी पीएम मोदी पर टिप्पणी की थी। इस मामले में मालदीव सरकार हालांकि तीन मंत्रियों को सस्पेंड करते हुए उनके बयान से किनारा ले चुकी है लेकिन, सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि इस ऐक्शन से पहले भारतीय उच्चायोग ने मुइज्जू सरकार के समक्ष इस मामले को उठाया और बयान का कड़ा विरोध जताया था।

मालदीव के तीन मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान का पीएम मोदी के बारे में आपत्तिजनक कमेंट मालदीव की मुइज्जू सरकार के गले की फांस बन गया है। भारत में मालदीव की मंत्री के बयान की कड़ी निंदा की जा रही है। इस बयान को लेकर मालदीव सरकार चौतरफा घिर चुकी है। बयान के विरोध में कई भारतीय सेलिब्रेटी मालदीव के बहिष्कार के पक्ष में सामने आए हैं। जिसके बाद मालदीव की मुइज्जू सरकार को बैकफुट में आना पड़ा।



दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा पर मालदीव के एक मंत्री के ट्वीट से सोशल मीडिया पर विवाद पैदा हो गया था। मालदीव की मंत्री मरियम ने भारत पर मालदीव को निशाना बनाने का आरोप लगाया। मरियम शिउना ने कहा कि समुद्र तट पर्यटन में मालदीव के साथ प्रतिस्पर्धा करने में भारत को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके बाद मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने मंत्रियों की टिप्पणियों की निंदा की और भारत को मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि का ₹प्रमुख सहयोगी₹ बताया। सूत्रों का कहना है कि भारतीय उच्चायोग ने इस पूरे प्रकरण को मालदीव सरकार के सामने प्रमुख और कड़े विरोध के साथ उठाया है। ऐसी जानकारी मिली है कि भारतीय उच्चायोग ने मालदीव विदेश मंत्रालय के सामने पीएम मोदी के खिलाफ किए कमेंट का कड़ा विरोध जताया। साथ ही चिंता व्यक्त की है। सूत्रों का यह भी कहना है कि भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि इस तरह के बयान से संबंधों पर असर पड़ सकता है। माना जा रहा है कि इसके बाद बैकफुट में आई मालदीव सरकार ने अपने तीन मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया है।

# अपमानजनक टिप्पणी पर मालदीव का बड़ा एक्शन, शिउना समेत 3 मंत्रियों को किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसियां

मालदीव की सरकार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'अपमानजनक' टिप्पणी करने वाली अपनी मंत्री मरियम शिउना समेत 3 को निलंबित कर दिया है। मालदीव की स्थानीय मीडिया एटोल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार मुइज्जू सरकार ने मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान समेत अपने तीन मंत्रियों- को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद उन पर अभद्र टिप्पणी करने के लिए यह सख्त कार्रवाई की है।

इससे पहले मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर पीएम नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा पर मंत्री मरियम शिउना की टिप्पणी पर अपना रुख स्पष्ट किया था। मालदीव ने पीएम मोदी पर अपनी मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी के बाद देश में




अचानक भारत से पर्यटकों की संख्या रद्द होने में बड़ी वृद्धि देखने के बाद कहा कि वे ऐसी ₹अपमानजनक टिप्पणी₹ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। रविवार को एक बयान में, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वे ₹विदेशी नेताओं और उच्च पदस्थ व्यक्तियों के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपमानजनक टिप्पणियों₹ से अवगत थे। पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर तब विवाद खड़ा हो गया, जब मालदीव के एक मंत्री मरियम शिउना और कुछ अन्य नेताओं ने लक्षद्वीप के एक प्राचीन समुद्र तट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक वीडियो पोस्ट करने के बाद उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

# नेवी पर गर्व है, लुटेरों के चुंगल से छूटे भारतीय

सोमालिया के तट के पास हाइजैक मालवाहक जहाज पर सवार 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को बचा लिया। भारतीय नौसेना द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, बचाए गए भारतीयों को हाइजैक जहाज से सुरक्षित रूप से वापस आते देखा जा सकता है। उन्हें सुरक्षित बचाने के लिए नौसेना को धन्यवाद देते हुए ₹भारत माता की जय₹ का नारा लगाते हुए देखा जा सकता है।नौसेना द्वारा बचाए गए नाविकों में से एक ने कहा कि वे 24 घंटे तक फंसे रहे और नौसेना द्वारा उन्हें बचाए जाने के बाद उन्हें राहत मिली। हाइजैक जहाज से बचाए गए एक नाविक ने कहा, भारतीय नौसेना पर गर्व है।₹ सभी को ₹भारत माता की जय₹ के नारे लगाते देखा जा सकता है। गुरुवार शाम 15 भारतीयों सहित 21 चालक दल के सदस्यों वाले मालवाहक जहाज के हाइजैक करने की खबर सामने आई थी।




# कोर्ट से 15 बार समन जारी होने के बाद भी नहीं किया रिसीव, गैंगरेप मामले में एसओ समेत पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

कुशीनगर, एजेंसियां

यूपी के कुशीनगर में पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पहले हुए गैंगरेप की विवेचना से मुख्य अभियुक्त का नाम निकाले जाने पर एसपी ने दो तत्कालीन एसओ समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इस मामले में कोर्ट द्वारा लगातार 15 बार समन जारी किये जाने के बाद भी थाने पर पुलिसकर्मियों ने उसे रिसीव नहीं किया था। कोर्ट के सख्त रुख पर एसपी ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

साल 2020 में कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में गैंगरेप के आरोप में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। उस समय कुबेरस्थान थाने पर महेंद्रर चतुर्वेदी एसओ थे। उनके समय हल्के के दरोगा प्रियांशु राय को विवेचना की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। विवेचना में मुख्य अभियुक्त का नाम ही मुकदमे से निकाल दिया गया। इस पर पीड़ित पक्ष ने कोर्ट से न्याय की गुहार लगायी। एसओ महेंद्र चतुर्वेदी का तबादला देवरिया जिले में होने के बाद कुबेरस्थान थाने में कई अन्य एसओ की तैनाती के बाद राघवेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष बने। बताया जा रहा है कि राघवेंद्र सिंह के एसओ रहते हुए कोर्ट ने पुलिसकर्मियों के हाजिर होने को लेकर करीब 15 समन जारी किए लेकिन कुबेरस्थान पुलिस ने एक बार भी समन तामील नहीं किया। समीक्षा के दौरान मामला पुलिस उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने पर एसपी धवल जायसवाल ने इस प्रकरण में कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने कुबेरस्थान थाने पर तैनात रहे तत्कालीन एसओ एवं मौजूदा समय में देवरिया जिले के रुद्रपुर थाने पर तैनात एसओ महेंद्र चतुर्वेदी, कुशीनगर के पटहेरवा थाने में तैनात एसओ राघवेंद्र सिंह, सेवरही थाने में तैनात एसआई प्रियांशु राय, पैरोकार सदानंद एवं पॉक्सो कोर्ट के हेड मुहर्रिर शशिकांत चौधरी को निलंबित कर दिया है।इस मामले एस एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि साल 2020 के एक प्रकरण में विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर कुबेरस्थान थाने पर तैनात रहे दो तत्कालीन एसओ एवं तीन अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है।




> एसपी ने दो तत्कालीन एसओ समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इस मामले में कोर्ट द्वारा लगातार 15 बार समन जारी किये जाने के बाद भी थाने पर पुलिसकर्मियों ने उसे रिसीव नहीं किया था। कोर्ट के सख्त रुख पर एसपी ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### भारत के पहले सौर मिशन की परियोजना डायरेक्टर बनी

# पिता किसान, बेटी संभाल रही आदित्य एल1 मिशन की कमान

नई दिल्ली: एजेंसी

भारत की पहलो सौर मिशन आदित्य-एल1 को लैंगरंग पॉइंट पर स्थापित करने के जटिल मिशन का नेतृत्व निगार शाजी कर रही हैं। अंतरिक्ष यान सूर्य को पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर जाकर 'सूर्य नमस्कार' करेगा। इसरो की परियोजना डायरेक्टर निगार शाजी बहुत सौम्य स्वभाव की हैं। वह हमेशा मुस्कुराती रहती हैं। इस मिशन के लिए उन्होंने अथक परिश्रम किया है। इस मिशन को सफल बनाने के लिए उन्होंने अपनी टीम के साथ आठ साल तक काम किया।

शाजी 1987 में इसरो में शामिल हुईं। वह भारत के पहले सौर मिशन की परियोजना डायरेक्टर बनीं। वह करीब 59 साल की हैं। इससे पहले वह रिसोर्ससैट-2ए के सहयोगी परियोजना निदेशक थे। यह अभी भी चालू है। इसके अलावा वह सभी निचली कक्षा और ग्रहीय मिशनों के लिए कार्यक्रम निदेशक भी हैं। उन्होंने इसरो में अपना कार्यकाल आंध्र तट के पास श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष बंदरगाह पर काम करके शुरू किया। बाद में उन्हें बेंगलुरु के यू आर राव सैटेलाइट सेंटर में भेज दिया गया। तमिलनाडु के तेनकासी जिले के सेनगोट्टई में एक मुस्लिम परिवार में जन्मी शाजी ने मदुरै कामराज विश्वविद्यालय के तिरुनेलवेली के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लेने से पहले अपनी स्कूली शिक्षा सेनगोट्टई में की। कॉलेज में उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। बाद में उन्होंने बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा से इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर डिग्री की।शाजी के पिता शेख मीरान किसान हैं। उन्होंने अपनी बेटी को हमेशा जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक मीडिया साक्षात्कार में कहा, ₹मेरे माता-पिता दोनों ने मेरे पूरे बचपन में बहुत सहयोग किया। उनके निरंतर समर्थन के कारण मैं इतनी उंचाइयों तक पहुंची।अंतरिक्ष एजेंसी में लैंगिक भेदभाव के बारे में किसी भी गलतफहमी को दूर करते हुए शाजी ने कहा कि उन्हें इसरो में कभी भी लैंगिक भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा। अपने सीनियर्स के लगातार सहयोग के कारण ही वह आज इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं। शाजी ने हाल ही में कहा, ₹टीम लीडर होने के नाते अब कई लोग मेरे अधीन काम करते हैं। इसलिए मैं उसी तरह तैयार होती हूं जैसे मेरे वरिष्ठों ने मुझे तैयार किया।शाजी अपनी मां और बेटी के साथ बैंगलोर में रहती हैं। उनके पति और बेटा विदेश में काम करते हैं।



# 'श्रीराम ही हमारे पूर्वज' अयोध्या से 'रामज्योति' लेने निकली काशी की मुस्लिम महिलाएं

वाराणसी: एजेंसी

नाजनीन अंसारी और नजमा परवीन ने प्रण लिया था कि वह अयोध्या से रामज्योति लाकर घरों को रोशन करेंगी। नाजनीन अंसारी मुस्लिम महिला फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद ही उन्होंने ऐसा करने का संकल्प लिया था। इस ज्योति के माध्यम से वह काशी के मुसलमानों से भी 22 जनवरी को उत्सव मनाने की अपील करेंगी।

नाजनीन अंसारी का मानना है कि सभी भारतीय श्री राम के ही वंशज हैं और किसी भी भारतीय का डीएनए अलग नहीं है। वह मुस्लिम इलाकों में दीये जलाने की अपील करेंगी। इससे पहले भी वह राम नवमी और दिवाली के मौके पर उत्सव मनाती रही हैं। नाजनीन और नजमा की इस यात्रा को काशी के डोमराज ओम चौधरी और पातालपुरी मठ के महंत बालक दास ने रवाना किया। वहीं अयोध्या में महंत शंभू देवाचार्य इन महिलाओं को ज्योति सौंपेंगे।



जानकारी के मुताबिक शनिवार को यात्रा शुरू हो गई है और रविवार को महिलाएं काशी वापस आ जाएँगी। वे अयोध्या की पवित्र मिट्टी और सरयू के जल को भी काशी लेकर पहुंचेंगी। 21 जनवरी को राम ज्योति का वितरण शुरू हो जाएगी। बता दें कि नाजनीन ने बीएचयू से ही पढ़ाई की है और उन्होंने श्रीरामचरित मानस और हनुमान चालीसा का उर्दू में अनुवाद भी किया है। महंत बालकदास उनके गुरु हैं। वह राम पथ नामक संगठन से जुड़ी हैं। नाजनीन का कहना है कि श्रीराम ही उनके पूर्वज हैं।



पीएचसी मटीपुरा में 10 :22 पर लगा हुआ ताला।



रहरा सीएचसी में एक ही बेड पर दो मरीज।

# रहरा और मटीपुरा मे स्वास्थ्य सेवा राम भरोसे

**पड़ताल**

**सब का सपना**

**अमरोहा/हसनपुर।** प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है सरकार लगातार प्रयासरत है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाए।

इतना ही नहीं प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार मिलकर भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। गांव, गांव घर-घर जाकर यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकारी सेवाओं का लाभ लीजिए सरकार द्वारा इतनी योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या आम आदमी को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। तो जवाब मिलेगा नही।

जब हमारी टीम ने दिन शनिवार को अमरोहा जनपद के तहसील हसनपुर के विकासखंड गंगेश्वरी की स्वास्थ्य सेवाओं को समझने के लिए क्षेत्र का दौरा किया। तो पड़ताल में सामने आया कि मटीपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दस बजकर बाईस मिनट पर गेट पर ताला लटका हुआ मिला। उसके बाद जब हमारी टीम ग्यारह बजे रहरा सीएचसी केंद्र पहुंची तो वहां पर केंद्र प्रभारी के ऑफिस में ताला लटका मिला एक-एक बेड पर दो-दो मरीज नजर आए।




चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतीश भास्कर के ऑफिस में 11 : 00 बजे तक ताला लगा हुआ।



डॉक्टर शशांक मरीजो का पर्चा बनाते हुए।

### एक डॉक्टर लगातार 8 वर्षों से एक ही जगह पर मौजूद कैसे?

बताया जाता है कि डॉक्टर सौरभ त्यागी पहले सीएचसी प्रभारी हुआ करते थे। अभी फिलहाल डॉक्टर के पद पर तैनात हैं। सौरभ त्यागी लगातार सात , आठ वर्षों से रहरा सीएचसी में ही तैनात है। तब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर वह एक ही स्थान पर सात , आठ वर्षों से किसके संरक्षण में रहकर ड्यूटी कर रहे हैं। हालांकि कुछ दिन पहले भारतीय किसान यूनियन के द्वारा भी इन्हें पद से हटाने की व ट्रांसफर की मांग की गई थी। उसके बाद भी डॉक्टर सौरभ त्यागी पर कोई कार्यवाही का ना होना स्वास्थ्य विभाग की कार्य शैली पर सवाल उठाता है।

## रहरा सीएचसी में समय से नही पहुंच रहे डॉक्टर

**हरा/अमरोहा (सब का सपना) :-** जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद भी रहरा सीएचसी में डॉक्टर का समय पर न पहुंचना चिंतनीय विषय है। हाल ही में रहरा सीएचसी का जिलाधिकारी के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। लेकिन उसके बाद भी लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में कुछ भी सुधार नजर नहीं आ रहा। लगातार डॉक्टर का नदारद रहना अपने आप में चिंता का विषय है।

शनिवार को जब हमारी टीम 11:00 बजे के आसपास सीएचसी रहरा पहुंची तो देखा की मरीज बेड पर पड़े हैं और दर्द से कराह रहे हैं। जब बेड पर लेट रही महिला मरीज से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि वह यहां 1 घंटे से डॉक्टर का इंतजार कर रही हैं हालांकि एक डॉक्टर साहब आए थे, उन्होंने एक इंजेक्शन लगा दिया था। उसके बाद से किसी ने भी इधर का रुख नहीं किया है। उसके बाद जब हमारी टीम ने अस्पताल के प्रबंधन को समझने के लिए अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर सतीश भास्कर के कमरे का रुख किया तो देखा कि वहां तो ताला लटक रहा है। जब टीम ने अस्पताल के सभी कमरों में जा कर देखा तो पता चला कि डॉक्टर शशांक चौधरी ही केवल अपने कमरे में तैनात मरीजों का पर्चा लिखते नजर आए। अब ऐसे में सवाल उठता है कि जिलाधिकारी के द्वारा आकस्मिक निरंक्षण करने के बाद भी रहरा अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर भास्कर व डॉक्टर सौरभ त्यागी को शायद ही जिला अधिकारी का डर हो। मानो देखकर लगता है कि सरकारी अस्पताल सरकारी नहीं, बल्कि यह तो प्राइवेट हो चला है। डॉक्टरों की जब इच्छा होगी तब वह डॉक्टर अस्पताल में जाकर बैठेंगे। नहीं तो अस्पताल राम भरोसे चलता रहेगा। अब ऐसे में सवाल उठता है कि दूर दराज से आए हुए मरीजों का आखिर क्या होगा।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली



**गजरौला/अमरोहा (सौरभ गोस्वामी)** गजरौला में पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी। घायल बदमाश को सीएचसी में भर्ती कराया गया। उसके भाई को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गुरुवार सुबह गश्त के दौरान गंगा बांध पर मोहरका पट्टी गांव के पास दो संदिग्ध लोगों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की आरोप है कि उनमें से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली पैर में लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उसके साथी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि गोली लगने से घायल बदमाश मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव डींगरा का निवासी सलमान है। उसके भाई शाहनवाज को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों पर गांव के ही व्यक्ति पर तलवार से जानलेवा हमला करने का आरोप भी है। इसके अलावा सलमान पर कई अन्य मुकदमे भी दर्ज है। खबर लिखे जाने तक उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा था।

# भाकियू (अंबाबत) की मासिक पंचायत का किया गया आयोजन

**हसनपुर/अमरोहाः** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की मासिक पंचायत जयतोली में कलुवा अब्बासी हाजी जी की बैठक पर संपन्न हुई। जिसका संचालन युवा जिला अध्यक्ष लोकेश विधूड़ी द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष द्वारा संगठन का विस्तार करने पर जोर दिया गया । जिला अध्यक्ष लोकेश विधूड़ी ने ने कहा कि प्रयागराज में 10,11,12 को भाकियू अंबावाता का महासम्मेलन होने जा रहा है। उसे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह अंबावता के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर सभी साथी खड़े हो। जिला अध्यक्ष लोकेश विधूड़ी द्वारा कहा गया कि कई बार कई संगठनो द्वारा ज्ञापन दिया गया कि किसानों की फसलो को आवारा पशुओ द्वारा बर्बाद किया जा रहा है। परन्तु इनको आज तक गोशाला नही भेजा गया। कई गावों में तो सांड इतने मारने वाले हो चुके हैं कि वे सीधा किसान पर हमला कर चुके हैं। दी सहकारी चीनी मिल कलाखेड़ा की छमता को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। गंगा एक्सप्रेस वे में ग्रीन गलियारे में सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण जबरन किया जा रहा है।



जिसमें दौलतपुर, रुस्तमपुर, ओर मंगरोला गावों की जमीन का अधिग्रहण जबरन किया जा रहा है, इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सरकार द्वारा किसानों का मूल्य आज तक निर्धारित नही किया गया। जिला अध्यक्ष लोकेश विधूड़ी ने गन्ना मूल्य 400 रुपए करने की मांग की। यदि सरकार द्वारा एक सप्ताह में गन्ने का मूल्य नही घोषित होता है तो भाकियू अंबावता रणनीति के तहत आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। पंचायत में युवा जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह अंबावता, जिला सचिव कुलवीर सिंह अंबावता, कलुआ हाजी जी, इंतजार खा, युवा ग्राम अध्यक्ष सुहेल पठान, बब्बू चौधरी, जयवीर सिंह अंबावता, बुद्धाराम सिंह, मोनिश अब्बासी, रविन्द्र सिंह, असलम अब्बासी, तसलीम ,मोनू यादव, बाबू अब्बासी ड्राइवर, बीरबल अंबावता, रिहान भाई, शादाब चौधरी, शोकिन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**जरूरी खबरें**

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

**गजरौला/अमरोहाः** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज गजरौला मैं राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।जिसका संचालन अवंतिका पार्क गजरौला में हुआ।

रविवार को शिविर के अंतिम दिवस में स्वयंसेवियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले सरस्वती जी के चित्र पर प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक द्वारा पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम में आयो रे मारो ढोलना एवं दहेज प्रथा पर हुए नाटक की प्रस्तुति सराहनीय रही। विद्यालय प्रधानाचार्य पी.जी.गोस्वामी ने स्वयं सेवियो से सप्त दिवसीय शिविर में सीखी गई बातों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रोहतास कुमार शर्मा ने स्वयं सेवियो से अनुशासन में रहकर परीक्षा की तैयारी करने को कहा।कार्यक्रम अधिकारी प्रभास कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सप्त दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रतिभा सागर, पूजा देवी, पप्पू यादव, उमेश सिंह,हरीश वर्मा, गौरव, इल्मा खान, शिफा परवीन, अफसा,तरन्नुम, डोली, बी.पी. सिंघल, अनिल राणा, सोमपाल सिंह, विपिन कुमार, राघव गोस्वामी, माधव गोस्वामी, सुमन सैनी, राजपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



## जितेंद्र बिधूड़ी को महासचिव नियुक्त होने पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारीयो ने दी बधाई



**अमरोहा/यूपीः** बार एसोसिएशन अमरोहा के सदस्य जितेंद्र बिधूड़ी को समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव घोषित होने पर बार एसोसिएशन अमरोहा के अध्यक्ष संजय शर्मा व महासचिव नरेंद्र सिंह पोसवाल के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने जितेंद्र विधूड़ी का स्वागत किया ।

भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, पूर्व सचिव पंकज कुमार, मेहंदी हसन, अहमद सैफी, धर्मेंद्र गुर्जर, अजीम अहमद, अरविंद, दलपत राणा, दिनेश चौहान, सतीश त्यागी,हरपाल सिंह चौहान,कुलदीप चौधरी,खेम सिंह, अमन त्यागी आदि और समस्त कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

## कुएं में पड़ा मिला 15 दिन से गायब व्यक्ति का शव

**गजरौला/अमरोहाः** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव कुएं में पड़ा मिला। शव से दुर्गंध उठ रही थी। दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई, बाद में उसकी पहचान गांव निवासी शीशराम के रूप में हुई, जो कि मानसिक रूप से कमजोर था।

शनिवार की दोपहर के समय गांव में रेलवे लाईन के किनारे बने एक पुराने कुंए में किसी व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग एकत्र होना शुरू हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। व्यक्ति के शव को किसी तरह बाहर निकलवाया गया, शुरू में तो उसकी पहचान नहीं हुई, हालांकि बाद में एक ग्रामीण ने पहुंचकर उसे अपने भाई शीशराम के रूप में पहचाना। जो कि पिछले 15 दिन से लापता था। वह मानसिक रूप से कमजोर था। उसकी तलाश परिजनों द्वारा की जा रही थी, मगर उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला अध्यक्ष ने भारत संकल्प यात्रा में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**गजरौला/अमरोहाः** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का सिलसिला जारी है। रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर पालिका गजरौला पहुंची। जिसमें लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रमाबाई डिग्री कॉलेज में जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बिजली, पानी, आवास योजना आदि की जानकारी देते हुए जनता से उनका लाभ लेने की अपील की। भारत संकल्प यात्रा में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष




उदयगिरि गोस्वामी, जिला प्रभारी सतपाल सिंह, विधायक राजीव तरारा, सांसद कवर सिंह तवर, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, ब्लॉक प्रमुख पति वीरेंद्र सिंह चौधरी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों, नगर पालिका ईओ गार्गी त्यागी, लिपिक वेदप्रकाश, आदेश अग्रवाल, अजय कुमार गोस्वामी, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# डबल मर्डर के आरोपी हिस्ट्रीशीटर अशोक की संपत्ति कुर्क, 50 हजार का इनाम घोषित

**अमरोहा :** पुलिस ने डबल मर्डर के आरोपी हिस्ट्रीशीटर अशोक की लाखों रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। 25 हजार रुपये से इनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है। अशोक सुंदर भाटी गैंग का फरार आरोपी भी है। कोर्ट की अवहेलना करने के आरोप में भी आरोपी अशोक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

नौ अक्टूबर की रात को गुलालपुर के जंगल में स्थित फार्म हाउस पर अनिरुद्ध व रतनपाल भाटी की फरसे से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हत्या का मास्टर माइंड सिंभावली के बिरसिंहपुर गांव निवासी अशोक कुमार है। पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपियों के अलावा षड़यंत्र रचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। अभी तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गिरफ्तार नहीं होने पर अशोक के पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। इसके बाद भी अशोक

> प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई की गई है।उसके घर का सामान कुर्क कर लिया गया है।इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। इनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है।प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आरोपी अशोक का नाम जमीनों की 14 खतौनियों में दर्ज है। उसकी संपत्ति की तलाश की जा रही है।इसके लिए राजस्व विभाग की मदद ली जा रही है।

गिरफ्तार नहीं हुआ। कोर्ट ने उसका वारंट जारी किया लेकिन उसके बाद भी अशोक कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

काफी दबिश देने के बाद भी अशोक का कहीं कुछ पता नहीं चल सका तो पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रविवार को अशोक के घर की कुर्की कर दी है। इससे पहले प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने गांव में कुर्की को लेकर एनाउंसमेंट भी किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई की गई है। उसके घर का सामान कुर्क कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। इनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है।प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आरोपी अशोक का नाम जमीनों की 14 खतौनियों में दर्ज है। उसकी संपत्ति की तलाश की जा रही है। इसके लिए राजस्व विभाग की मदद ली जा रही है।

# गौवंश सरंक्षण में लापरवाही पर तीन सचिव निलंबित



**सम्भल ( बहजोई):** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थलों में अवशेष निराश्रित गोवंश संरक्षण करने के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में निराश्रित गोवंशों का संरक्षण हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा समस्त उप जिलाधिकारी गौशालाओं के लिए भूमि चिन्हित करना सुनिश्चित करें जनपद में कोई भी निराश्रित गोवंश खुले में ना घूमें इसको सुनिश्चित किया जाए तथा 15 जनवरी के बाद कोई भी निराश्रित गोवंश किसी गांव या सड़क पर घूमते मिलेगा तो उसके लिए संबंधित लेखपाल एवं ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

तथा कोई भी व्यक्ति गोवंश को छोड़ता है तो उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी के माध्यम से अगर गौवंश सरंक्षण में अपने कर्तव्यों के निर्वहन ना करने या आवश्यक सहयोग ना देने के लिए किसी भी सचिव या प्रधान के विरुद्ध आख्या प्राप्त होती है तो उसे बिना लंबित रखे हुए तत्काल कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी ने सहभागिता योजना को लेकर भी चर्चा की और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति गोवंश रखना चाहता है तो उसको सहभागिता के अंतर्गत गोवंश दिए जाएं तथा उसका सत्यापन भी नियमित कराया जाये।

## बाइक को बचाने के प्रयास में टेंपो पलटा, सात लोग घायल

**चन्दौसी।** आसफपुर बिलारी मार्ग स्थित बरी चौराहे के पास बाइक को बचाने के प्रयास में टेंपो सड़क किनारे खंदी में जाकर पलट गया। इससे टेंपो में सवार सात लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया।

> टेंपो में सवार सात लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया।

शनिवार दोपहर एक युवक शराब के नशे में बाइक चला रहा था। इसी दौरान वह टेंपो के सामने आ गया। चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया तो टेंपो पलटकर खंदी में गिर गया। इसमें सवार गुड्डो निवासी दलपुरा शाहबाद, भागवती निवासी शाहबाद, रामसनेही निवासी बिसौली, विमला देवी निवासी मिलक थाना कुढ़फतेहगढ़, सीमा निवासी बेरनी के अलावा बच्चे आयुष व भावना घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया।

संक्षेप खबरें

## गन्ना से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से यातायात बाधित, चालक घायल



**संभल/सिरसी :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव कस्बा सिरसी के निकट बिलारी मार्ग पर शनिवार को अनियंत्रित होकर गन्ना से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर पलट गई। इसमें ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से यातायात बाधित हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से गन्ना हटाकर यातायात सुचारू कराया। जनपद मुरादाबाद के गांव महमूदपुर माफी निवासी गुरमीत पुत्र प्रेमपाल शनिवार को ट्रैक्टर–ट्रॉली में गन्ना लादकर बिलारी चीनी मिल जा रहा था। जैसे ही वह सिरसी के निकट बिलारी मार्ग पर पहुंचा तो ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इसमें चालक घायल हो गया। ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से यातायात बाधित हो गया।

हादसा होते देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आनन–फानन में घायल चालक को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेज दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन जब तक सड़क के दोनों साइड वाहनों की लम्बी लाइन लग गई।

## जनपद की प्रत्येक गौशाला में लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे

**संभल :** जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूसा टेंडर शीघ्र जारी किए जाएं। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से सेक्स सेलेक्टिव सीमन के पशु चिकित्सालय में वितरण के विषय में भी जानकारी प्राप्त की तथा गौशालाओं से संबंधित नोडल अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण पर जाते समय हरे चारे एवं गौशाला में सीसीटीवी कैमरे को भी चेक करें।

अगर गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था नहीं मिलती है तो संबंधित खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां गौशाला में सीसीटीवी कैमरे अभी तक नहीं लग पाए हैं वहां पर कैमरे लगवाने सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पवांसा ब्लॉक के ग्राम बंजरपुरी के ग्राम विकास अधिकारी को पंचायत सहायक एवं केयरटेकर के भुगतान में ढिलाई दिखाने पर निलंबित करने एवं जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध करने के निर्देश दिए एवं विकासखंड बहजोई के ग्राम पाठकपुर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी तथा विकासखंड पवांसा के ग्राम नियौरा के ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा हरा चारा एवं निराश्रित गोवंश के संरक्षण में लापरवाही करने के कारण निलंबित करने के निर्देश दिए तथा पाठकपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी को जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध एवं नियौरा के ग्राम पंचायत अधिकारी को उप जिलाधिकारी कार्यालय सम्भल से संबद्ध करने के निर्देश दिए

इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह ,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ,जिला विकास अधिकारी राम आशीष ,उप जिलाधिकारी सम्भल सुनील कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी चंदौसी संदीप कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी एसपी शाक्य सहित संबंधित अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस : संभल में चार व गुन्नौर में तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

**संभल :** सदर कोतवाली में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 80 में से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के गैरहाजिर रहने पर नोटिस जारी किया गया। वहीं गुन्नौर में तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के समाधान दिवस में मौजूद होने की सूचना पाकर फरियादियों की भीड़ उमड़ी। समाधान दिवस में 80 फरियादी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिनमें से राजस्व विभाग की 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में अनुपस्थित होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस धर्मेंद्र कुमार मिश्रा को कारण बताओ नोटिस



जारी करने के निर्देश दिए। वहीं जिला कृषि अधिकारी, डीपीओ, एक्सईएन विद्युत, बीएसए और मंडी सचिव भी नदारद थे लेकिन वह बाद में पहुंच गए। मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर तरन्नुम रजा मौजूद रहे।अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 80, चकबंदी की 7, पुलिस विभाग की 15, ग्राम विकास विभाग की 3, विद्युत विभाग की 3, नगर पंचायत विभाग से 2, शिक्षा विभाग से 1, चिकित्सा विभाग से 2, डूडा विभाग से 1 जबकि एक अन्य शिकायत आई। समाधान दिवस में 130 शिकायतें आईं।

## रिश्ता तय होने पर युवती ने लगाई फांसी, कुछ देर में भतीजे ने भी दी जान

**संभल :** जनपद के गुन्नौर थाना क्षेत्र की निवासी युवती ने रिश्ता तय होने पर शुक्रवार सुबह पेड़ पर बनाए फंसे से लटककर जान दे दी।

बुआ को पेड़ पर लटका देखकर कुछ देर बाद भतीजे ने भी झोपड़ी में फंदा लगाकर जान दे दी। बुआ–भतीजे की मौत से परिवार में मातम पसर गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गए। थाना पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। गुन्नौर थाना क्षेत्र के पूठरी गांव के कई परिवार कस्बे के पास स्थित शान ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। यह सभी परिवार ईंट भट्ठे पर बनी झुग्गियों में ही रहते हैं। ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाली बीना (20) का पंद्रह दिन पहले परिवार के लोगों ने बदायूं के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव से रिश्ता तय किया था। बीना रिश्ता तय होने के बाद से क्षुब्ध थी।

## चन्दौसी,मेले में 154 लोगों को रोजगार मिलने से खिले चेहरे

**संभल/पवांसा।** विकासखंड पवांसा में शनिवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों व जिला सेवायोजन कार्यलय के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में नौ कंपनियों ने 550 रिक्तियां प्रकाशित की। इसमें सभी कंपनियों के अधिकारियों ने साक्षात्कार के द्वारा 154 अभियार्थियों का चयन किया। पवांसा विकासखंड के सभागार में शनिवार को रोजगार मेला आयोजित किया गया। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हिरदेश यादव ने किया। रोजगार मेले में एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड देहरादून, एलआईसी ऑफ इंडिया संभल, मदर सन इंडिया लिमिटेड भिवंडी, विक्टोरिया टूल्स, बालाजी सोलर एनर्जी सॉल्यूशन कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में अभ्यर्थियों में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, ग्रेजुएशन, आईटीआई के 272 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न कम्पनियों के उपस्थित अधिकारियों ने साक्षात्कार के द्वारा 154 अभियार्थियों का चयन किया।

# गन्ने की फसल को रोगों से बचाने के लिए बीज को करें उपचारित



**संभल :** उन गन्ना आयुक्त मुरादाबाद शनिवार का डीएसएम शुगर मिल असमोली पहुंचे। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदय सिंह, सचिव गन्ना समिति असमोली काम्ता प्रसाद, महाप्रबंधक शुगर मिल इंद्र शर्मा की मौजूदगी में गन्ना विभाग के सभी गन्ना पर्यवेक्षकों एवं चीनी मिल के गन्ना विभाग के अधिकारी और सुपरवाइजरों के साथ बैठक की। बैठक में उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने 0238 गन्ना में लगने वाले लाल सड़न रोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। कर्मचारियों को समझाया कि गन्ने की फसल को इस बीमारी से कैसे बचाया जाए। मिल के महाप्रबंधक इंद्र शर्मा ने कहा कि इस रोग से फसल को बचाने के लिए बुआई के समय बीज को उपचारित जरूर करें। इस दौरान लोकेंद्र सिंह ढाका, उदयभान सिंह, अमित कुमार धामा, राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


# समस्याओं का समाधान न होने पर किसानों ने प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन



**संभल :** किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू ( टिकैत ) के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। भाकियू टिकैत के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को किसान सदर तहसील पहुंचे। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर किसानों ने तहसील में प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित सात सूत्रीय मांगपत्र तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा को सौंपा। किसानों ने कहा कि पेराई शुरू हुए दो महीना बीत चुके हैं लेकिन गन्ना का मूल्य घोषित नहीं किया गया है। निराश्रित पशुओं से किसान अपनी फसल नहीं बचा पा रहे हैं। शीतलहर में किसान घर छोड़कर जंगल में सोने के लिए मजबूर हैं। किसानों ने गेंहू, धान, बाजरा की भांति सरसों की सरकारी खरीद की मांग उठाई। इस दौरान वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव, महावीर सिंह, हासिम भाई, रामौतार सिंह, सचिन यादव, जुगेश कुमार, रामखिलाड़ी सिंह, सचिन त्यागी, फिरोज अली, सद्दाम हुसैन,विनोद कुमार, कुंवर सैन, रविन्द्र सिंह पप्पू, संजीव चौधरी, विजयपाल आदि रहे।

## श्रीकल्कि धाम से जाएगा विश्व में शांति का संदेश : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**संभल :** ऐंचोड़ा कंबोह में श्रीकल्कि धाम के शिलान्यास की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में देशभर के साधु–संतों के साथ ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत तमाम राजनैतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को आमंत्रित किया जाएगा। संभल में कल्कि धाम निर्माण का कार्य 19 फरवरी को शुरू होगा। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने शनिवार को कल्कि धाम में प्रेसवार्ता कर बताया कि भगवान का अंतिम अवतार श्रीकल्कि के रूप में संभल की धरती पर होगा। भगवान के अवतरण से पूर्व विश्व में पहला धाम संभल में श्रीकल्कि धाम स्थापित हो रहा है। कल्कि धाम के निर्माण कार्य के शुभारंभ के मौके पर देशभर के साधु–संत, शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, रामानंदाचार्यों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री समेत सभी राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को आमंत्रित किया जा रहा है।देश की प्रमुख नदियों का जल, 12 ज्योर्तिलिंगों की मिट्टी, सभी शाक्तिपीठों का प्रसाद और मिट्टी शिलान्यास के लिए मंगाई जा रही है। आने वाले समय में विश्व को शांति व सनातन का संदेश श्रीकल्कि धाम से ही जाएगा। श्रीराम मंदिर लंबे संघर्ष के बाद बना है और श्रीकल्कि धाम भी तमाम संघर्षों के बाद स्थापित हो रहा है। कल्कि धाम विश्व को नई ऊर्जा देगा।

# गुरुगोविन्द सिंह की जयंती पर नगर कीर्तन का आयोजन किया

**गजरौला :**–गुरु गोविन्द सिंह की जयंती पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवसर पर भारत में रहने वाले सिक्ख समाज के लोग और वह सब लोग जो गुरु गोविन्द सिंह जी को मानते हैं और उन्हें याद करते हैं साथ ही खुद की और दूसरों की उन्नति के लिए प्रार्थना करते हैं, गुरु गोविन्द सिंह जी की द्वारा लिखी कविताओं को सुनते हैं और उनकी उपलब्धियों के लिए उनकी सराहना करते हैं,खास भोजन बनाते हैं और उस भोजन को सब में बांटते हैं, इसके अलावा जयंती के अवसर पर सिक्ख समाज के लोग सम्पूर्ण भारत विशेष परेड और जुलूस का आयोजन कर हर नगर की गलियों में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकालते हैं।इसी कड़ी में रविवार को गजरौला नगर में भी गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवसर पर



कीर्तन का आयोजन कराया गया।खास भोजन बनाते हैं और उस भोजन को सब में बांटते हैं, इसके अलावा जयंती के अवसर पर सिक्ख समाज के लोग सम्पूर्ण भारत विशेष परेड और जुलूस का आयोजन कर हर नगर की गलियों में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकालते हैं।

इस अवसर पर सिक्ख समाज के लोगों ने कीर्तन समारोह में शामिल होकर गुरु गोविन्द सिंह जी की खूब सेवा की। कीर्तन समारोह यात्रा को नगर स्थित गुरुद्वारे से प्रारंभ किया गया और नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस गुरुद्वारे पर लाकर समापन किया गया।इस दौरान कीर्तन समारोह यात्रा में शामिल सिक्ख समाज के लोगों अनेकों करतब दिखाते हुए तरह तरह की कलाओं का भी प्रदर्शन किया जिसने यात्रा में शामिल लोगों का खूब मनमोहा।उधर यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। वहीं इंदिरा चौक स्थित सरजीत सिंह नवीन व मंजीत चाहल द्वारा मीठा दूध वितरण किया गया

# विधायक ने जरूरतमंदों को किया कंबल वितरण, कंबल पाकर खिल उठें चेहरे

हसनपुर : **ब्लॉक परिसर में शनिवार को** विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के द्वारा जरूरत मंदों को कंबल वितरण किया गया । कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान उपजिलाधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बता दें कि हसनपुर ब्लॉक परिसर में शनिवार को ब्लॉक परिसर में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया।

कंबल लेने के लिए कई गांवों के काफी संख्या में बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठें। इस मौके पर बोलते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की



योजनाओं से अछूता न रहे। इसलिए शासन के द्वारा जरूरतमंदों के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है।

इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन राजपाल सैनी,उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी, तहसीलदार सुदीप तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल,प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# यूपी में अब 18 साल से कम उम्र के लोग नहीं चला पाएंगे स्कूटी–बाइक

**लखनऊ :** यूपी में अब 18 वर्ष से कम उम्र के लोग दोपहिया और चार पहिया वाहन नहीं चला पाएंगे। इसे लेकर शासन की तरफ से दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परिवहन विभाग के सहयोग से माध्यमिक विद्यालयों में सख्ती की जाएगी। इसके लिए अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक भी किया जाएगा। साथ ही छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न माध्यमों से जानकारी भी दी जाएगी।



यह आदेश उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की तरफ से शिक्षा निदेशक माध्यमिक को भेजा गया है। ये निर्देश उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से दिए गए आदेश के बाद जारी किया गया है। परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह की ओर से इसे लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें कम उम्र में वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा निदेशक से इसके लिए विद्यालयों में अभियान चलाने को कहा गया है।

इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी डीआईओएस को इसके लिए निर्देश दिए हैं। यदि अभिभावकों ने बच्चों को स्कूटी–कार दी तो उन्हें तीन साल की सजा होगी और 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगेगा। शिक्षकों को भी रोड सेफ्टी नोडल शिक्षक नामित किया जाएगा। प्रार्थना सभा में स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी और उन्हें इसकी शपथ भी दिलाई जाएगी। विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के नियमों से संबंधित वॉल पेंटिंग कराई जाएगी। विद्यार्थियों के वाट्सअप ग्रुप बनाकर इससे संबंधित जानकारी व सुझाव साझा किए जाएंगे।निदेशक ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी इसके लिए प्रयोग किया जाए। निदेशक ने अपने पत्र में कहा है कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 4 में प्रावधान किया गया है कि 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी सार्वजनिक स्थान में मोटरसाइकिल नहीं चलाया जाएगा।

साल 2019 में कानून में संशोधन करते हुए किसी 18 वर्ष के कम आयु वाले किशोर द्वारा मोटरयान अपराध में किशोर के संरक्षण/ मोटरयान के स्वामी को भी दोषी मानते हुए दंडित करने का नियम है।इसके साथ ही मोटर वाहन स्वामी को तीन वर्ष की करावास के साथ 25,000 रुपए जुर्माना लगाने का भी नियम है। साथ ही वाहन का पंजीकरण एक वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा और नाबालिग किशोर का ड्राइविंग लाइसेंस अगले 25 वर्ष के बाद ही बन सकेगा।निदेशक ने अपने पत्र में सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को जनवरी और जुलाई माह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कर मोटर अधिनियम के बारे में जानकारी देने के साथ रोड सेफ्टी क्लब का गठन करने तथा सभी कक्षा में एक विद्यार्थी को रोड सेफ्टी कैप्टन के रूप में नामित करने को कहा है।

### तीन वर्ष की करावास के साथ 25,000 रुपए जुर्माना

इसके साथ ही मोटर वाहन स्वामी को तीन वर्ष की करावास के साथ 25,000 रुपए जुर्माना लगाने का भी नियम है। साथ ही वाहन का पंजीकरण एक वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा और नाबालिग किशोर का ड्राइविंग लाइसेंस अगले 25 वर्ष के बाद ही बन सकेगा।निदेशक ने अपने पत्र में सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को जनवरी और जुलाई माह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कर मोटर अधिनियम के बारे में जानकारी देने के साथ रोड सेफ्टी क्लब का गठन करने तथा सभी कक्षा में एक विद्यार्थी को रोड सेफ्टी कैप्टन के रूप में नामित करने को कहा है।

# बसपा पर बोलने से पहले अखिलेश यादव अपनी गिरेबान में झांके

लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजनीति दिन –प्रतिदिन रोचक होती जा रही है। यहां समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के नेताओं की जुबानी जंग ने ठंड में भी पारा बढ़ा रखा है। दोनों पार्टियों के नेताओं के बयान माहौल में गर्मी ला रहे हैं। अब मामला दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं तक पहुंच गया है। वाकयुद्ध में तीर सीधे अब आलाकमान से छोड़े जा रहे हैं।



इसी क्रम में अब मायावती ने अखिलेश यादव पर हमला बोला है। उन्होंने सपा प्रमुख को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें बोलने से पहले अपनी गिरेबान में झांकना चाहिए। मायावती ने ट्वीट करते हुए कहा कि अपनी व अपनी सरकार की खासकर दलित–विरोधी रही आदतों, नीतियों एवं कार्यशैली आदि से मजबूर सपा प्रमुख द्वारा बीएसपी पर अनर्गल तंज़ कसने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में भी झांकर जरूर देख लेना चाहिए कि उनका दामन भाजपा को बढ़ाने व उनसे मेलजोल के मामले में कितना दाग़दार है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि तत्कालीन सपा प्रमुख द्वारा भाजपा को संसदीय चुनाव जीतने से पहले व उपरान्त आर्शीवाद दिए जाने को कौन भुला सकता है। और फिर भाजपा सरकार बनने पर उनके नेतृत्व से सपा नेतृत्व का मिलना–जुलना जनता कैसे भूला सकती है। ऐसे में सपा साम्प्रदायिक ताकतों से लड़े तो यह उचित होगा।बता दें कि कांग्रेस पार्टी चाहती है कि उत्तर प्रदेश में बसपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने। लेकिन सपा और अखिलेश यादव को यह पसंद नहीं है। वह कई मौकों पर कह भी चुके हैं कि मायावती और उनकी पार्टी पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। वह गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव तो लड़ लेंगी लेकिन बाद में पाला बदल सकती हैं।

इसके साथ ही गठबंधन की बैठक में भी सपा नेता इस बात को उठा चुके हैं। लेकिन माना जा रहा है कि गठबंधन के कई नेताओं का मानना है कि मायावती को साथ लाने से दलित वोट अपने पक्ष में लाने में आसानी होगी। लेकिन अभी तक उनका गठबंधन में आना तय नहीं हुआ है, लेकिन अखिलेश यादव को इसकी चिंता सता रही है।

# फिर बेबाक अंदाज में दिखे नितिन गडकरी, खुद बताया क्यों सरकार को कहते हैं विषकन्या?

**नई दिल्ली/**भंडाराः महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एक बार फिर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बेबाक बयान सामने आया है। यहां एक कार्यक्रम के दौरान नितिन गडकरी ने कहा कि वह मजाक में कहते हैं कि सरकार विषकन्या की तरह है। जिधर सरकार की मदद मिलती है, वहां प्रयोग बंद पड़ जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी ऐसे भी मिलते हैं जिन्हें समझाते–समझाते सिर के बाल तक उड़ जाते हैं। वहीं उन्होंने अपने अन्य कामों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अभोरा के आगे का रास्ता सही है, कलेक्टर और एसपी साहब से विनती है कि इसे आगे बढ़ाएं, मैं मीटिंग लेकर परेशान हो गया हूं।



**अधिकारियों को समझाने में उड़ जाते हैं सिर के बाल**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र के भंडारा में एक कार्यक्रम के दौरान वहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सही अर्थ में मैं सरकार मैं हूं। मैं हरदम कहता हूं कि सरकार के काम में कभी हस्तक्षेप करने का नहीं और कभी उनसे मदद लेने का नहीं। मैं मजाक में कहता हूं कि सरकार विषकन्या की तरह है, जिधर सरकार की मदद मिलती है वहां वो प्रयोग बंद पड़ जाता है। मैं अब सोशल एंटरप्रेनर हूं। मैं कभी सरकार से मदद लेता नहीं हूं, कभी सरकार के अधिकारियों के पास जाता नहीं हूं। उन्होंने कहा कि यहां बैठे हुए अधिकारी अच्छे हैं। बाकी के अधिकारियों का हाल है कि वो काम बंद ही कर देते हैं। उनको कन्वेंस करते–करते सिर के बाल उड़ जाते हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आगे कहा कि उन्हें अधिकारियों ने कहा कि अभोरा तक रास्ता सही है, उसके आगे जो नतदृष्टि फॉरेस्ट के अधिकारी हैं वह रास्ता बनने नहीं दे रहे हैं। तो कलेक्टर साहब से मेरी विनती है कि मैं तंग हो चुका है। एसपी साहब से भी विनती है कि अपनी नई कलम लगाकर इन्हें अंदर डालें। पवनी से भंडारा तक का पूरा रास्ता 12 वर्षों में बनने नहीं दिया। मैंने पैसा सैंक्शन किया हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले महीने 17 तारीख को मैं देवेंद्र फडणवीस के साथ आने वाला हूं। कलेक्टर साहब थोड़ा ध्यान देकर इसे करें। मैं इतनी मीटिंग लेकर परेशान हो गया हूं।

# भारतराष्ट्रीयमहेंद्र सिंह धोनी के साथ हुई करोड़ों की धोखाधड़ी

**रांचीः** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी हुई है। इस मामले में धोनी ने अपने गृह नगर रांची के सिविल कोर्ट में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, महेंद्र सिंह धोनी ने अपने दो पूर्व बिजनेस पार्टनर पर 15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ सिविल कोर्ट में केस फाइल किया है।



इस मामले के बारे जानकारी देते हुए महेंद्र सिंह धोनी के वकील दयानंद सिंह बताया कि मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास ने धोनी के साथ विश्वासघात किया और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया। वकील ने बताया कि दोनों आरोपियों ने साल 2017 में धोनी को बताया कि वे लोग धोनी के नाम से क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खोलेंगे। जिसके बदले उन्हें फेंचाइंजी फ़ीस देने की बात भी कही गई थी। इसके बाद इन लोगों ने देशभर में महेंद्र सिंह धोनी के नाम पर संस्थाएं खोलना शुरू कर दीं। लेकिन इसके बारे में उन्होंने धोनी को कोई जानकारी नहीं दी। उन्हें एग्रीमेंट के अनुसार पैसे भी नहीं दिए गए। जिसके बाद 15 अगस्त 2021 को एमएस धोनी ने उनके साथ हुआ अपना करार खत्म कर दिया। लेकिन इसके बावजूद वह एमएस धोनी के नाम पर क्रिकेट एकेडमी खोलते रहे। इसके बाद इन्हें नोटिस भी भेजा गया लेकिन ये लोग इसे रोक नहीं रहे थे। जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

महेंद्र सिंह धोनी के वकील ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अब तक लगभग 15 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया है।

# दिल्ली में सभी जिलों के जिलाधिकारी गांवों में गुजारेंगे एक रात

**नई दिल्ली**ः दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना के फरमान के बाद अब दिल्ली के सभी जिलाधिकारी गांवों में एक रात गुजारेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा कर उसके मुताबिक योजनाओं की रूपरेखा तय करेंगे।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली के सभी 11 जिलों को जिलाधिकारियों को यह निर्देश जारी किया गया है कि वे गांवों में एक रात गुजारेंगे।राज निवास के अधिकारियों ने बताया कि इस माह के प्रारंभ में 180 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ 'संवाद एट राजनिवास' संवाद पहल के बाद उपराज्यपाल ने घोषणा की जिलाधिकारी अपने अपने जिलों में गांवों में एक रात गुजारेंगे । उन्होंने कहा कि उस हिसाब से जिलाधिकारी सात जनवरी को सुबह गांवों में पहुंचेंगे और वहीं रात बितायेंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में ठहरने के दौरान अधिकारी क्षेत्र एवं आसपास के गांवों के लोगों के साथ 'संवाद' सत्र करेंगे तथा फिर योजना तैयार करेंगे जिसे दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अमल में लाएगा। राजनिवास के अधिकारियों ने बताया कि इस पूरी कवायद का लक्ष्य महत्वाकांक्षी 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत दिल्ली के गांवों के लोगों के साथ संवाद कर उनके विकास की योजना तैयार करना है । डीडीए 800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह महत्वाकांक्षी अभियान अमल में लाएगा। उपराज्यपाल डीडीए के अध्यक्ष भी हैं। दिल्ली दंगा मामलेः विशेष लोक अभियोजक ने इस्तीफा वापस लिया



पिछले साढ़े तीन सालों में इस दंगे से संबंधित मामलों में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने 15 दिसंबर, 2023 को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को अपना त्यागपत्र भेजा था। हालांकि उन्होंने श्रद्धा वालकर हत्याकांड में विशेष लोक अभियोजक बने रहने का फैसला किया था।

उत्तर पूर्व दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के सिलसिले में दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। प्रसाद शनिवार को इस सांप्रदायिक दंगे के पीछे की कथित बड़ी साजिश से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी की अदालत में पेश हुए। इस दंगे में 53 लोगों की जान चली गयी थी और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। प्रसाद पिछले साढ़े तीन सालों में इस दंगे से संबंधित मामलों में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने 15 दिसंबर, 2023 को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को अपना त्यागपत्र भेजा था। हालांकि उन्होंने श्रद्धा वालकर हत्याकांड में विशेष लोक अभियोजक बने रहने का फैसला किया था।

# कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार, ज्यादा देरी से चल रही ट्रेनें

**नई दिल्लीः** उत्तर भारत में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं कई इलाकों में घना कोहरा भी देखा जा रहा है। इस घने कोहरे का सबसे ज्यादा असर यातायात पर पड़ रहा है। उत्तर भारत में घना कोहरा होने की वजह से सड़क, रेल और फ्लाइट सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है। आज यानी मंगलवार को दिल्ली की तरफ आने वाली 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। भारतीय रेलवे ने देरी से चलने वाली ट्रेनों की लिस्ट जारी करते हुए यह जानकारी दी है। रेलवे का कहना है कि ज्यादा कोहरे की वजह से 7 जनवरी को 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं।



वहीं ट्रेनों के देरी से चलने की वजह से यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज कई ट्रेनें 6 घंटे से भी अधिक की देरी से चल रही हैं। इनमें अजमेर–कटरा पूजा एक्सप्रेस भी शामिल है। यह ट्रेन 6:30 घंटे देरी से चल रही है। वहीं जम्मूतवी–अजमेर एक्सप्रेस भी आज 6:30 घंटे देरी से चल रही है। रेलवे के द्वारा जारी की गई लिस्ट के अनुसार फिरोजपुर–सिवनी ट्रेन भी 6:30 घंटे देरी से चल रही है, जबकि सिवनी–फिरोजपुर ट्रेन 4:30 घंटे लेट है। वहीं कटिहार–अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन आज 6 घंटे लेट है। वहीं खजुराहो–कुरुक्षेत्र ट्रेन भी आज 4 घंटे देरी से चल रही है।

इसके अलावा कई राजधानी ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। वहीं ट्रेनों के देरी से चलने की वजह से यात्री काफी परेशान हैं। यात्रियों का कहना है कि उन्हें जरूरी काम से जल्दी पहुंचना था, लेकिन ट्रेन लेट होने की वजह से अब वह नहीं पहुंच पा रहे हैं। वहीं कुछ यात्रियों ने तो रेलवे से इसे लेकर जरूरी सुधार करने की मांग भी की है। देरी से चलने वाली ट्रेनों में जम्मूतवी–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, राजेंद्रनगर–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, भुवनेश्वर–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, कामाख्या–दिल्ली मेल औक आजमगढ़–दिल्ली कैफियात एक्स्प्रेस ट्रेन भी शामिल हैं।

### दिल्ली–एनसीआर में शीतलहर का प्रकोप जारी

राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में बीते कुछ दिनों से सूरज निकलने का नाम नहीं ले रहा है। दिल्ली–एनसीआर में शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल रहा है। सुबह और रात के वक्त तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं दिन के समय भी शीतलहर की चपेट में पूरी दिल्ली–एनसीआर है। इस कारण लोगों को आग का सहारा लेना पड़ रहा है। शनिवार को भी दिल्ली–एनसीआर में इससे राहत मिलने की संभावना नहीं है। वहीं रविवार से शीतलहर में थोड़ी कमी देखने को मिल सकती है। वहीं दिल्ली–एनसीआर में बारिश की भी संभावना जताई गई है। बता दें कि दिल्ली में अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी शीतलहर की मार देखने को मिल रही है। लोगों को ठिठुरन भर्दी सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी लखनऊमें शुक्रवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज देखने को मिल रहा है। सुबह हुई बूंदाबांदी के कारण भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण तापमान में भी गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि ठिठुरन में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है।

**जरूरी खबरें**

## पश्चिम बंगाल में अपने अधिकारियों पर हुए हमले के मामले में ईडी ने शिकायत दर्ज कराई

**नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में छापेमारी के दौरान भीड़ के हमले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं और उनके पर्स समेत अन्य सामान लूट लिए गए। ईडी ने कहा है कि शुक्रवार देर शाम जारी एक आधिकारिक बयान में, संघीय एजेंसी ने कहा कि इसने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए स्थानीय पुलिस में एक शिकायत दी है। ईडी की टीम पर उस वक्त हमला किया गया, जब वह राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में उत्तर 24 परगना स्थित संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख शाहजहां के आवास पर तलाशी लेने गई थी। अधिकारियों की ड्यूटी के दौरान उनपर भीड़ (संदेह है कि शेख और उनके सहयोगियों के उकसावे पर) ने हमला किया। तीन अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं, क्योंकि भीड़ जान लेने के मकसद से ईडी अधिकारियों की ओर बढ़ रही थी।'' ईडी ने बताया कि घायल अधिकारियों का एक अस्पताल में इलाज हो रहा है। संघीय एजेंसी ने कहा कि अन्य अधिकारियों को अपनी जान बचाने के लिए तलाशी लिये बगैर मौके से भागना पड़ा, क्योंकि भीड़ 'बहुत हिंसक' हो गई थी और यहां तक कि उसने अधिकारियों का पीछा भी किया, ताकि उन्हें अपना आधिकारिक कार्य करने से रोक सकें।

संघीय एजेंसी ने कहा कि अन्य अधिकारियो को अपनी जान बचाने के लिए तलाशी लिये बगैर मौके से भागना पड़ा, क्योंकि भीड़ 'बहुत हिंसक' हो गई थी और यहां तक कि उसने अधिकारियो का पीछा भी किया.

## आज के समय में गुरुकुलों को एडवांस करने की आवश्यकता

**हरिद्वारः** योग और आयुर्वेद में डंका बजने वाले बाबा रामदेव अब शिक्षा क्षेत्र में भी अपनी पैठ बढ़ाने जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस पर गुरुकुलम और आचार्यकुलम की भी नींव रखी। इस शिलान्यास कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत कई बड़े नेताओं ने शिरकत की। नेताओं के साथ–साथकार्यक्रम में हरिद्वार के तमाम साधु–संतों ने भी शिरकत की। बाबा रामदेव ने इसे शिक्षा क्रांति बताया।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गुरुकुल की परंपरा आज से नहीं बल्कि अनादि काल से चली आ रही है। इसमें गुरुओं का बड़ा महत्व होता है। ये गुरु ही हैं, जिन्होंने भारत की सभ्यता और सनातन धर्म को बचाकर रखा है। पतंजलि गुरुकुलम और आचार्यकुलम का आज शिलान्यास किया गया है। मुझे उम्मीद है आने वाले समय में इसी गुरुकुल से देश की सेवा करने के लिए कई छात्र–छात्राएं निकलेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के समय में गुरुकुलों को एडवांस करने की आवश्यकता है। जिसमें आधुनिक शिक्षा के साथ नए भारत में नया गुरुकुल बनाया जाना चाहिए। जिसमें छात्र वेदों के साथ क्वांटम शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई भी कर सकें।

कार्यक्रम में बाबा रामदेव ने कहा कि पतंजलि का गुरुकुलम विश्व का सबसे बड़ा गुरुकुल होगा। इसके निर्माण में 500 करोड़ की लागत आएगी। पतंजलि योगपीठ ने 5 वर्षों में 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश से भारतीय शिक्षा में बड़ी क्रांति का संकल्प लिया है। ये तीसरी सबसे बड़ी क्रांति होगी। पहली क्रांति योग, आयुर्वेद, अनुसंधान से चिकित्सा क्रांति होगी। दूसरी क्रांति इंटरनेशनल क्वालिटी के उत्पाद बनाकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लूट के विरुद्ध स्वदेशी क्रांति होगी। हरिद्वार दुनिया में शिक्षा का बड़ा केंद्र बनेगा। इस सात मंजिला भव्य पतंजलि गुरुकुलम में लगभग 1,500 विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्था होगी। आचार्यकुलम की शाखा में लगभग 5,000 बच्चे डे–बोर्डिंग का भी लाभ ले सकेंगे।




अपने संस्थान को
दे नई तरक्की
एजुकेशन के विज्ञापन बुक करायें
विज्ञापन हेतु संपर्क करें–
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–9412663369

आवशकता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में
सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात
अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –94568843327

संपादकीय

## आइसीयू भर्ती पर निर्देश

अब अस्पताल किसी मरीज को उसकी या उसके परिजन की सहमति के बिना गहन चिकित्सा इकाई यानी इंटेंसिव केयर यूनिट (आइसीयू) में भर्ती नहीं कर सकेंगे. उल्लेखनीय है कि आइसीयू किसी अस्पताल का वह वार्ड होता है, जहां गंभीर रूप से बीमार, ऑपरेशन के बाद निगरानी की जरूरत वाले तथा बड़े आघात वाले रोगियों को रखा जाता है, जिन्हें 24 घंटे निरीक्षण और उपचार की आवश्यकता होती है. भारत में पहली बार आइसीयू भर्ती को लेकर सरकार ने निर्देश जारी किया है. निर्देश में कहा गया है कि जब किसी रोगी के अंग काम नहीं कर रहे हों या उसकी तबियत बिगड़ने का अंदेशा हो, तभी आइसीयू में उसे रखने का निर्णय लिया जाना चाहिए. इसके अलावा, आइसीयू में बिस्तरों की उपलब्धता और मरीजों की स्थिति के आधार पर तैयार प्राथमिकता को भी ध्यान में रखने को कहा गया है. इन निर्देशों में आइसीयू से बीमार को छुट्टी देने के लिए भी मानदंडों का निर्धारण किया गया है. स्वास्थ्य मंत्रालय के ये निर्देश 24 प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा तैयार किया है. भर्ती और छुट्टी के इन स्पष्ट निर्देशों से चिकित्सकों और मरीज के परिजनों के बीच भरोसा बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है. निर्देश में डॉक्टरों को सलाह दी गयी है कि जोखिम और फायदे के आकलन के बाद ही वे मरीज को आइसीयू में भर्ती करें और स्थिति में अपेक्षित सुधार के बाद सामान्य वार्ड में स्थानांतरित कर दें.

> ऐसी शिकायतें आती रही हैं कि अस्पताल अधिक पैसा कमाने के लिए मरीजों को मनमाने ढंग से भर्ती कर लेते हैं और जरूरत न होने के बाद भी उनकी छुट्टी नहीं करते. इससे मरीज पर आर्थिक बोझ पड़ता है और आइसीयू बिस्तरों की कमी भी हो जाती है. अब चिकित्सकों को परिजनों को स्पष्ट रूप से वे कारक बताने होंगे, जिनके चलते वे मरीज को आइसीयू में रखना चाहते हैं.

ऐसी शिकायतें आती रही हैं कि अस्पताल अधिक पैसा कमाने के लिए मरीजों को मनमाने ढंग से भर्ती कर लेते हैं और जरूरत न होने के बाद भी उनकी छुट्टी नहीं करते. इससे मरीज पर आर्थिक बोझ पड़ता है और आइसीयू बिस्तरों की कमी भी हो जाती है. अब चिकित्सकों को परिजनों को स्पष्ट रूप से वे कारक बताने होंगे, जिनके चलते वे मरीज को आइसीयू में रखना चाहते हैं. उपचार में खर्च ऐसी चीज है, जो अस्पताल और रोगी के संबंधियों के बीच भरोसे को हानि पहुंचाती है. आइसीयू से मरीज को छुट्टी देने का निर्णय पूरी तरह रोगी की हालत पर निर्भर होना चाहिए, न कि परिवार की सहमति पर. निर्देश में यह भी कहा गया है कि जहां तक संभव हो, ऐसे फैसले इस आधार पर नहीं लिये जाने चाहिए कि परिजनों के पास उपचार के लिए पैसे नहीं हैं. विशेषज्ञों की राय है कि देश में आइसीयू संसाधन सीमित हैं, इसलिए उनका इस्तेमाल सोच-समझ कर किया जाना चाहिए. जब संसाधनों पर अधिक दबाव हो, तो महामारी और आपदा से त्रस्त लोगों को भी आइसीयू में भर्ती नहीं किया जाना चाहिए. चूंकि इन निर्देशों को प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने सोच-विचार कर तैयार किया है, तो आशा की जानी चाहिए कि अस्पताल इन पर ठीक से अमल करेंगे.



# तालाबों को संवारने से बढ़ेगा भूजल का स्तर

**गुजरात में किसान कपास और गेहूं जैसे पानी की अधिकता वाली फसलों से अनार और जीरा की ओर जाने की आवश्यकता को समझने लगे हैं, जो न केवल कम पानी का उपयोग करते हैं, बल्कि अच्छी कीमत भी प्राप्त करते हैं. हरियाणा और पंजाब में सरकार कोशिश कर रही है कि धान की जगह मोटे अनाज की खेती बढ़े. यह तभी संभव है, जब आम लोग इस संकट को खुद महसूस करेंगे. कानूनी पाबंदी से तो पानीदार समाज बनने से रहा.**

**पंकज चतुर्वेदी**

वर्ष 2023 के लिए देश के सक्रिय भूजल संसाधन मूल्यांकन रिपोर्ट से पता चलता है कि देश का कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 449.08 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो 2022 की तुलना में 11.48 बीसीएम अधिक है. यह मूल्यांकन केंद्रीय भूजल बोर्ड और राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है. यह सुधार एक आशा तो है, लेकिन देश में भूजल के हालात खतरनाक हैं. तीन महीने पहले ही संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय की पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान (यूएनयू-ईएचएस) के शोध में चेताया गया था कि भारत में भूजल की कमी चरम बिंदु तक पहुंचने के करीब है. रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में 78 प्रतिशत भूजल स्रोत अतिदोहित हैं और उत्तर-पश्चिमी भारत में खतरा मंडरा रहा है कि 2025 तक भूजल कहीं पाताल में न पहुंच जाए. भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, जो अमेरिका और चीन के संयुक्त उपयोग से अधिक है. भारत का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र पूरी आबादी के लिए पेट भरने का खजाना कहलाता है. पंजाब और हरियाणा देश की 50 फीसदी चावल और 85 फीसदी गेहूं आपूर्ति का उत्पादन करते हैं.

देश का बड़ा हिस्सा पेय जल और खेती के लिए भूजल पर निर्भर है. जिस भूजल ने हरित क्रांति को संवारा और भारत एक खाद्य-सुरक्षित राष्ट्र बना, वह बहुमूल्य संसाधन अतिदोहन के चलते अब खतरे में हैं. एक तरफ हर घर नल योजना है, तो दूसरी तरफ अधिक अन्न उगाने का दवाब. सतह के जल के भंडार, जैसे नदी, तालाब, झील आदि सिकुड़ रहे हैं या उथले हो रहे हैं. जलवायु परिवर्तन के चलते बरसात का अनियमित और असमय होना तो है ही. ऐसे में पानी का सारा दारोमदार भूजल पर है, जो अनंत काल तक चलने वाला स्रोत नहीं है. भारत में दुनिया की सर्वाधिक खेती होती है. यहां 50 मिलियन हेक्टेयर से अधिक जमीन पर जुताई होती है, इस पर 460 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी खर्च होता है. खेतों की कुल जरूरत का 41 फीसदी पानी सतही स्रोतों और 51 प्रतिशत भूगर्भ से मिलता है. गत 50 सालों के दौरान भूजल के इस्तेमाल में 115 गुना इजाफा हुआ है. भारत के 360 यानी 63 प्रतिशत जिलों में भूजल स्तर की गिरावट गंभीर श्रेणी में पहुंच गयी है. कई जगह भूजल दूषित हो रहा है. चिंताजनक बात यह है कि जिन जिलों में भूजल स्तर आठ मीटर से नीचे चला गया है, वहां गरीबी दर नौ-दस प्रतिशत अधिक है. यदि मौजूदा रुझान जारी रहता है, तो भारत की कम से कम 25 प्रतिशत कृषि जोखिम में होगी.

हरियाणा के 65 फीसदी और उत्तर प्रदेश के 30 फीसदी ब्लॉकों में भूजल का स्तर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है. इन राज्यों को जल संसाधन मंत्रालय ने अंधाधुंध दोहन रोकने के उपाय भी सुझाये हैं. इनमें सामुदायिक भूजल प्रबंधन पर ज्यादा जोर दिया गया है. राजस्थान में 94 प्रतिशत पेयजल योजनाएं भूजल पर निर्भर हैं. भूजल विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले दो सालों में राज्य के 140 प्रखंडों में शायद ही जमीन से पानी निकाला जा सकेगा. भूजल के बेतहाशा दोहन की ही त्रासदी है कि उत्तर प्रदेश के कई जिले- कानपुर, लखनऊ आगरा आदि भूकंप संवेदनशील हो गये हैं. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तो भूजल में जहर इस कदर घुल गया है कि गांव के गांव कैंसर जैसी बीमारियों के गढ़ बन गये हैं. दिल्ली का भूजल खेतों में अंधाधुंध रासायनिक खादों के इस्तेमाल और कारखानों की गंदी निकासी के जमीन में रिसने से दूषित हुआ है. समूची दिल्ली में भूजल अब रेड जोन यानी लगभग समाप्त होने की कगार पर चिह्नित है.

केंद्र सरकार ने 2020 में 6000 करोड़ रुपये की लागत से अटल भूजल संवर्धन योजना शुरू की थी, जिसमें सात राज्यों के 80 जिलों के कुल 229 ब्लॉक को चिह्नित किया गया था, जिनके 8220 गांवों में पीने के पानी तक का गंभीर संकट पैदा हो गया है. बीते साल के शुरू में इस योजना की राष्ट्रीय संचालन समिति की समीक्षा बैठक में यह बात सामने आयी थी कि राज्यों में योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं है. जाहिर है कि आज धरती के गर्भ में यदि जल का भंडार बढ़ रहा है, तो इसका सबसे बड़ा कारण धरती की सतह पर तालाबों में पानी जमा करने की योजना की प्रगति ही है. भूजल के हालात सुधरने के लिए तालाबों को संवारना सबसे सशक्त तरीका है. यह कड़वा सच है कि भूजल किसी को दिखता है नहीं, सो उसके बिगड़ते हालात पर लोगों को जागरूक करना कठिन है. आज जरूरत है कि हर गांव-कस्बे का जल बजट तैयार हो, जिससे हिसाब लगाया जा सके कि वहां कितना भूजल उपलब्ध है, पुनर्भरण की कितनी संभावना है, खेती, पीने और अन्य कामों के लिए कितना चाहिए. गुजरात में किसान कपास और गेहूं जैसे पानी की अधिकता वाली फसलों से अनार और जीरा की ओर जाने की आवश्यकता को समझने लगे हैं, जो न केवल कम पानी का उपयोग करते हैं, बल्कि अच्छी कीमत भी प्राप्त करते हैं. हरियाणा और पंजाब में सरकार कोशिश कर रही है कि धान की जगह मोटे अनाज की खेती बढ़े. यह तभी संभव है, जब आम लोग इस संकट को खुद महसूस करेंगे. कानूनी पाबंदी से तो पानीदार समाज बनने से रहा.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**



बिजनेस

# नीता अंबानी ने श्लोका को दिया 451 करोड़ का हार

**नई दिल्ली:** भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी केवल बिजनेस में ही नंबर वन नहीं हैं, बल्कि उनके साथ पूरे परिवार का लाइफ स्टाइल भी हमेशा सुर्खियों में बना रहता है. उनके परिवार के सदस्य एक दूरे को अक्सर कुछ न कुछ गिफ्ट करते रहते हैं जो चर्चा में बनी रहती है. नीता अंबानी से लेकर उनके बेटे तक ने करोड़ों रुपये की गिफ्ट अपने परिवार के सदस्यों को दी है. आइये इनके बारे में जानते हैं.

नीता अंबानी ने अपनी बहू श्लोका मेहता को दुनिया की सबसे महंगी हार उपहार में दिया है. इस हार का नाम टक्क४र्६ छ'क्लूङ्केस्त्रं१ुं ी है, जिसकी कीमत 451 करोड़ रुपये बतायी जा रही है. इसमें कुल 91 हीरे जड़े हुए हैं. 407.48 कैरेट का पीला हीरा है, जो 229.52 कैरेट के सफेद हीरे के हार से खूबसूरती से लटका हुआ है. साथ ही, रोज गोल्ड का भी इस्तेमाल किया गया है.

मुकेश अंबानी ने पत्नी नीता अंबानी के 44वें जन्मदिन पर एक अनोखा उपहार दिया. इसने काफी सुर्खियां बटोरी. उन्होंने एक एयरबस (अ319) लक्जरी जेट जिसमें एक कस्टम-निर्मित कार्यालय और गेम कंसोल, म्यूजिक सिस्टम, सैटेलाइट टेलीविजन और वायरलेस संचार के साथ एक केबिन था, उन्हें गिफ्ट किया. हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें करीब 240 करोड़ रुपये का खर्च आया.

मुकेश अंबानी के बेटे आकाश अंबानी ने अनंत अंबानी को 18ङ पैंथेरे डी कार्टियर ब्रोच उपहार में दिया. ये गिफ्ट उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की सगाई के मौके पर दिया. इसमें 51 नीलमणि, दो पन्ने और 606 बिना कटे हीरों से जड़े हैं, जिसमें नाक पर एक गोमेद हीरा भी शामिल है. डीएनए रिपोर्ट के अनुसार, इस अनोखे ब्रोच की कीमत लगभग 13,218,876 रुपये आंकी गई है.



मुकेश अंबानी और नीता अंबानीसोशल मीडिया.

मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने अपनी बेटी ईशा अंबानी के जुड़वां बच्चों कृष्णा और आदिया को वॉलपेपर के साथ एक भव्य, अनुकूलित पांच फुट की पीली अलमारी उपहार में दी, जिसमें गर्म हवा के गुब्बारे, बादल और एक हवाई जहाज शामिल है. द इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, अलमारी के दरवाजे पर शीर्ष पर ‟एडवेंचर्स ऑफ आदिया और कृष्णा" शब्द खुदा हुआ है.

> **मुकेश अंबानी ने अनंत अंबानी को 4.5 करोड़ की बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटीसी स्पीड गिफ्ट की. इसे अनंत अंबानी की सगाई के दिन एंटिला ड्राइववे में फूलों से ढका हुआ देखा गया था. टंरुँ ी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह शानदार कार, जिसकी अनुमानित कीमत 4.5 करोड़ रुपये है, मुकेश अंबानी की ओर से अपने छोटे बेटे को इस कार्यक्रम के लिए एक उपहार थी.**

मुकेश अंबानी ने अनंत अंबानी को 4.5 करोड़ की बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटीसी स्पीड गिफ्ट की. इसे अनंत अंबानी की सगाई के दिन एंटिला ड्राइववे में फूलों से ढका हुआ देखा गया था. टंरुँ ी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह शानदार कार, जिसकी अनुमानित कीमत 4.5 करोड़ रुपये है, मुकेश अंबानी की ओर से अपने छोटे बेटे को इस कार्यक्रम के लिए एक उपहार थी.

# सुस्त रही साल 2024 की शुरूआत, टॉप 6 कंपनियों ने गंवाया 57,408 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली:** भारतीय शेयर बाजार के लिए साल 2024 की शुरूआत काफी भारी रही है. वर्ष 2023 में जहां सेंसेक्स और निफ्टी कई रिकार्ड तोड़े थे. वहीं, नये साल में मार्केट में ठंड परसी हुई है. सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 57,408.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई. सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचडीएफसी बैंक को हुआ. बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा. एक जनवरी को सेंसेक्स 72,561.91 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था. समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 20,929.77 करोड़ रुपये घटकर 13,67,661.93 करोड़ रुपये रह गया. सबसे अधिक नुकसान में टीसीएस ही रही.



एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,536.48 करोड़ रुपये घटकर 12,77,435.56 करोड़ रुपये रह गया. हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) की बाजार हैसियत 10,114.99 करोड़ रुपये गिरकर 6,15,663.40 करोड़ रुपये रह गई. इन्फोसिस का मूल्यांकन 4,129.69 करोड़ रुपये घटकर 6,36,222.11 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 1,608.05 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,97,357.42 करोड़ रुपये पर आ गया. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत में 89.24 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,72,826.22 करोड़ रुपये पर आ गई. इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 14,816.85 करोड़ रुपये बढ़कर 17,63,644.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. आईटीसी का मूल्यांकन 14,409.32 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,91,219.09 करोड़ रुपये हो गया. भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 8,200.55 करोड़ रुपये बढ़कर 5,88,846.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 7,020.75 करोड़ रुपये बढ़कर 5,34,082.81 करोड़ रुपये रहा.

# मैंने खो दी है हर उम्मीद, बेहतर होगा जेल में मर जाऊं.

**नई दिल्ली** जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिडेट के संस्थापक नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद हैं. उन्हें शनिवार को एक विशेष अदालत में पेश किया गया. बताया जा रहा है कि कोर्ट में पेशी के दौरान वो भावुक हो गए. 47 वर्षीय नरेश गोयल ने कोर्ट में हाथ जोड़कर कहा कि उन्होंने जीवन की हर उम्मीद को खो दिया है. वो वर्तमान परिस्थितियों में जेल में मरना पसंद करेंगे. कोर्ट रिकॉर्ड के अनुसार, उनके आंखों में आंसू था और उन्होंने कहा कि वो अपनी पत्नी अनीता को बहुत याद करते हैं जो कैंसर के एडवांस स्टेज में हैं. बता दें कि उन्हें केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी के मामले में एक सितंबर को गिरफ्तार किया गया था. फिलहाल उन्हें मुंबई के ऑथर रोड जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया है. हालांकि, इस दौरान, न्यायाधीश ने उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें असहाय नहीं छोड़ा जाएगा और उचित उपचार के साथ उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का हर संभव ख्याल रखा जाएगा. नरेश गोयल ने विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी. इसकी सुनवाई के लिए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था. कोर्ट की कार्यवाही के दौरान उन्होंने कुछ मिनटों की व्यक्तिगत सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे न्यायाधीश ने अनुमति दे दी.



कोर्ट के रोजनामा 'दैनिक सुनवाई रिकॉर्ड' के अनुसार, नरेश गोयल ने विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे के सामने हाथ जोड़कर कहा कि उनकी तबीयत काफी खराब है. इस दौरान वो कांप रहे थे. इसके बाद अदालत ने उनके वकीलों को उनकी बीमारी के मद्देनजर उचित कदम उठाने का भी निर्देश दिया. अदालत ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनके स्वास्थ्य से संबंधित हर चीज का ध्यान रखा जाएगा. न्यायाधीश ने कहा कि वो अपने पूरे शरीर और हाथों में लगातार कंपन के साथ अदालत में आया... वह किसी को कुछ नहीं बता सकता क्योंकि उसकी पत्नी बिस्तर पर है और इकलौती बेटी भी. जेल स्टाफ के पास उसकी मदद करने की सीमाएं हैं. नरेश गोयल ने जज को बताया कि उन्हें खड़े होने के लिए भी सहायता की जरूरत है. उन्होंने बताया कि कैसे उनके घुटनों में सूजन और दर्द हो रहा है. वो दोनों पैरों को मोड़ने में असमर्थ हैं. सूजन के कारण उनके घुटनों में बहुत दर्द होता है. उन्हें बार-बार पेशाब करने के लिए वॉशरूम जाना पड़ता है. आजकल, उन्हें गंभीर दर्द होता है. कभी-कभी मूत्र के माध्यम से रक्त भी आना, साथ ही असहनीय दर्द भी होता है. अधिकतम समय तक उसे कोई सहायता नहीं मिल सकी.

नरेश गोयल ने आग्रह किया कि वह बहुत कमजोर हो गये है और उसे जे जे अस्पताल में रेफर करने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि जेल और एस्कॉर्ट पार्टी की सुविधा के अनुसार अन्य आरोपियों के साथ यात्रा करना बहुत परेशानी भरा था. अस्पताल में हमेशा मरीजों की लंबी कतार होती है और वह समय पर डॉक्टर के पास नहीं पहुंच पाते हैं. जब भी उनकी जांच की जाती है तो आगे का फॉलोअप संभव नहीं हो पाता है. यह सब उनके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डाल रहा है.

# विदेशी निवेशकों की फिर पसंद बना भारतीय शेयर बाजार

**नई दिल्ली:** भारतीय शेयर बाजार में साल 2023 के आखिरी में आयी तेजी और मजबूत आर्थिक बुनियादी नीव का असर मार्केट में दिखने लगा है. विदेशी निवेशकों ने एक बार फिर से स्टॉक मार्केट में भरोसा दिखाया है. जनवरी के पहले सप्ताह में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों में ख़रीदारी का सिलसिला जारी रहा है. विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह बाजार में करीब 4,800 करोड़ रुपये इन्वेस्ट किया है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 4,000 करोड़ रुपये लगाए हैं. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि 2024 में अमेरिका में ब्याज दरों में लंबे समय तक गिरावट की उम्मीद है, जिससे एफपीआई अपनी खरीदारी बढ़ाएंगे. खासकर आम चुनावों से पहले नए साल के शुरुआती महीनों में उनका निवेश बढ़ेगा. उन्होंने कहा कि इसके अलावा 2024 में ऋण बाजार में भी एफपीआई का प्रवाह अच्छा रहने की उम्मीद है.



आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (पांच जनवरी तक) भारतीय शेयरों में 4,773 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है. इससे पहले दिसंबर में उन्होंने शेयरों में 66,134 करोड़ रुपये और नवंबर में 9,000 करोड़ रुपये डाले थे. मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक – प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई का ताजा प्रवाह ऐसे समय में आया है, जब निवेशक पिछले सप्ताह किनारे पर रहे और उन्हें फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे का इंतजार था. फिडेल फोलियो के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किस्लय उपाध्याय ने कहा कि भारत के घरेलू निवेशकों का निरंतर प्रवाह, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अच्छे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े, कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजे और बैंकों की अच्छी सेहत विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार की तरफ आकर्षित कर रही है. कुल मिलाकर बीते साल यानी 2023 एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 2.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है. इसमें से 1.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश शेयरों में 68,663 करोड़ रुपये का ऋण या बॉन्ड बाजार में रहा है.

फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट. यह एक निवेश का तरीका है जिसमें विदेशी व्यक्ति या संस्थान, शेयरों, सावधि जमाओं, और म्यूचुअल फ़ंड्स जैसी वित्तीय संपत्तियों में निवेश करते हैं. विदेशी अर्थव्यवस्थाओं में निवेश करने का एक सामान्य तरीका है. इसमें निवेशक अपने देश के बाहर संपत्ति और प्रतिभूतियों का आयोजन करते हैं. इन निवेशों में स्टॉक, बॉन्ड, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) या म्यूचुअल फंड शामिल हो सकते हैं.

# टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका, टी20 सीरीज से बाहर हुआ ये खिलाड़ी

**नई दिल्लीः** भारत और अफगानिस्तान की टीमों के बीच 11 जनवरी से 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है. इस सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है. हालांकि अभी तक टीम इंडिया का ऐलान होना बाकी है. बीसीसीआई टीम इंडिया का ऐलान कर सकती है, लेकिन इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है. दरअसल टीम इंडिया का एक स्टार खिलाड़ी इस सीरीज का हिस्सा नहीं होगा.
अफगानिस्तान के खिलाफ खेली जाने वाली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम के ओपनर रुतुराज गायकवाड़ उपलब्ध नहीं होंगे. ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, रुतुराज गायकवाड़ फिलहाल उंगली में लगी चोट से जूझ रहे हैं. बता दें गायकवाड़ को पोर्ट एलिजाबेथ में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान उंगली में चोट लग गई थी. इस चोट के कारण वह वनडे के बाद टेस्ट सीरीज से भी बाहर हो गए थे और अब वह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज का भी हिस्सा नहीं होंगे.



सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या भी चोट के चलते अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे. ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यकुमार और हार्दिक दोनों का आईपीएल से वापस एक्शन में आने की उम्मीद है. बता दें सूर्यकुमार यादव को साउथ अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे, जबकी हार्दिक पांड्या वर्ल्ड कप 2023 के दौरान चोटिल हुए थे. बता दें कि अफगानिस्तान की टीम पहली बार टी20 सीरीज के लिए भारत का दौरा कर रही है.

> बीसीसीआई टीम इंडिया का ऐलान कर सकती है, लेकिन इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है. दरअसल टीम इंडिया का एक स्टार खिलाड़ी इस सीरीज का हिस्सा नहीं होगा. अफगानिस्तान के खिलाफ खेली जाने वाली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम के ओपनर रुतुराज गायकवाड़ उपलब्ध नहीं होंगे.
> ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, रुतुराज गायकवाड़ फिलहाल उंगली में लगी चोट से जूझ रहे हैं.

# श्रीलंका दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली**

टी20 टीम की कप्तानी सिकंदर रजा को सौंपी गई है। सिकंदर आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हैं। पंजाब किंग्स की टीम ने उन्हें 50 लाख रुपये में खरीदा था। उन्होंने आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स के लिए 7 मैच भी खेले थे। श्रीलंका दौरे के लिए जिम्बाब्वे की टी20 टीम में तीन बदलाव हुए हैं। जिसमें कैटानो, मुफुद्जा और अकरम की जगह ब्रायन बेनेट, एंसले एनडलोवु और कार्ल मुंबा शामिल हैं।
जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को श्रीलंका दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है और इसके लिए वनडे और टी20 टीमों का अलग-अलग



ऐलान कर दिया गया है। वनडे टीम में एक स्टार खिलाड़ी की वापसी हुई है। वहीं जिम्बाब्वे की टी20 टीम की कमान आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेलने वाले एक स्टार ऑलराउंडर को सौंपी गई है। क्रेग इर्विन वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। उन्हें आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में चोट लग गई थी। वहीं घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करने वाले अनकैप्ड ऑफ स्पिनर तापीवा मुफुद्जा को वनडे टीम में शामिल किया है।

# नये साल में नये कप्तान के साथ इतने मैच खेलेगी टीम इंडिया !

**नई दिल्ली**

इस साल भी आपको टी-20 वर्ल्ड कप सहित खूब क्रिकेट देखने को मिलने वाला है. तो आइए न्यू ईयर के दिन आपको साल 2024 का पूरा शेड्यूल बताते हैं कि टीम इंडिया कब-कब और किन-किन टीमों के खिलाफ मुकाबले खेलने वाली है?
साल 2024 की शुरुआत केपटाउन टेस्ट के साथ हो रही है. जहां, भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा. इसके बाद भारतीय टीम घर लौट जाएगी, जहां अफगानिस्तान के साथ 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी. 25 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी,



जो 11 मार्च तक चलेगी. इसके बाद छोटे से ब्रेक के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन की शुरुआत हो जाएगी. इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का शेड्यूल अभी आया नहीं है. मगर, उम्मीद जताई जा रही है कि लीग मार्च के तीसरे या चौथे हफ्ते में शुरू होगी और मई तक चलेगी. चूंकि, 4 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए की मेजबानी में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा, जिसमें टीम इंडिया ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदारी पेश करती नजर आएगी.

# 11 गेंदों में 6 खिलाड़ी बिना खाता खोले हुए आउट

**नई दिल्ली**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जा रहा टेस्ट मैच पहले ही दिन रोमांचक मोड़ पर आ गया है। मुकाबले में अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने साउथ अफ्रीका के इस फैसले को गलत साबित कर के दिखाया था। लेकिन इसके जवाब में भारतीय बल्लेबाजी भी बड़ा स्कोर बनाए ढेर हो गई।
टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट मैच की पहली पारी में 55 रनों पर ढेर कर दिया था। भारत की ओर से सिराज ने 9 ओवर में 15 रन खर्च किए और 6 विकेट हासिल किए थे। वहीं, जसप्रीत बुमराह और मुकेश कुमार को 2-2 विकेट मिले थे। लेकिन इसके जवाब में टीम इंडिया भी ज्यादा कुछ खास नहीं कर सकी और 153 रन पर ऑल आउट हो गई।
टीम इंडिया की इस पारी में 6 बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हुए। भारतीय टीम ने एक समय 4 विकेट के नुकसान







पर 153 रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद टीम इंडिया 1 भी रन खाते में नहीं जोड़ सकी और ऑल आउट हो गई। टीम इंडिया ने अपने आखिरी 6 विकेट सिर्फ 11 गेंदों में ही गंवा दिए। साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और नंद्रे बर्गर ने 3-3 विकेट हासिल किए।
पहले टेस्ट मैच की तरह इस मैच की पहली पारी में भी विराट कोहली को छोड़कर टीम इंडिया के सभी बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप रहे। विराट कोहली ने इस पारी में 46 रन बनाए। वहीं, रोहित शर्मा ने 39 और शुभमन गिल ने 36 रन की पारी खेली। दूसरी ओर यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा बिना खाता खोले आउट हुए।

# दोहरे शतक जड़ चेतेश्वर पुजारा ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** चेतेश्वर पुजारा ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 में धमाल मचाते हुए दोहरा शतक जड़ दिया है. रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए पुजारा ने झारखंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में नाबाद 243 रनों की पारी खेली. इस दोहरे शतक के साथ पुजारा ने बेहद ही खास रिकॉर्ड को अपने नाम दर्ज कर लिया. इस दोहरे शतक के साथ पुजारा फर्स्ट क्लास में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी लगाने वाले संयुक्त रूप से चौथे बल्लेबाज बन गए. डबल सेंचुकी के साथ पुजारा ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज सर डॉन ब्रैडमेन की लिस्ट में शामिल हो गए.
फर्स्ट क्लास करियर में पुजारा का यह 17वां दोहरा शतक है. उन्होंने 30 चौकों की मदद से नाबाद 243 रन बनाए. वहीं फर्स्ट क्लास में सबसे ज़्यादा दोहरे शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज सर डॉन ब्रैडमेन के नाम है, जिन्होंने 37 डबल सेंचुरी लगाई. इसके बाद लिस्ट में इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज वॉली



हेमंड दूसरे नंबर पर हैं. उनके नाम 36 दोहरे शतक है. इस लिस्ट में तीसरा नंबर पर इंग्लैंड के पैट्सी हेंड्रन हैं. उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कुल 22 दोहरे शतक लगाए हैं. इसके बाद इंग्लैंड के हर्बर्ट सटक्लिफ्क, इंग्लैंड के रामप्रकाश और भारत के चेतेश्वर पुजारा 17-17 फर्स्ट क्लास दोहरे शतक के साथ संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर हैं.

## संक्षेप खबरें

# पीएम मोदी के लक्षद्वीप जाने के बाद तेंदुलकर ने भी कर दी ये मांग



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का हाल ही में लक्षद्वीप जाने के बाद भारतीय आयरलैंड काफी चर्चा में आ गया है. पीएम मोदी ने लक्षद्वीप जाकर वहां का आनंद उठाया. साथ ही उन्होंने भारतीयों को अपने देश की उन जगहों को घूमने के लिए प्रेरित किया जो हैं तो काफी ज्यादा सुंदर है, लेकिन वहां लोग कम जाते हैं. वहीं अब इस मुहीम में भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और क्रिकेट के भगवान के माने जाने वाले सचिन तेंदुलकर भी जुड़ गए हैं. उन्होंने ट्विटर पर एक खास ट्वीट किया है और फैंस को भारतीय आयरलैंड की खुबसूरती के बारे में बताया है.सचिन तेंदुलकर ने ट्वीटर पर ट्वीट करते हुए लिखा, 'सिंधुदुर्ग में मेरा 50वां जन्मदिन मनाए 250 दिन हो गए हैं! इस कोस्टल (तटीय) शहर ने हमें वह सब कुछ दिया जो हम चाहते थे. खूबसूरत लोकेशंस, शानदार हॉस्पिटेलिटी से हमारा यादों का खजाना भरा हुआ है. भारत सुंदर कोस्टलाइन और प्राचीन द्वीपों से सजा हुआ है. हमारे 'अतिथि देवो भव' फिलोसफी के साथ, हमारे पास एक्सपलोर करने के लिए बहुत कुछ है.' अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम और श्रद्धा कपूर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस मुहिम का तारीफ की है.

# स्टार स्पोर्ट्स पर आएगा भारत-अफगानिस्तान का टी20 मैच



**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच 11 जनवरी से तीन मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होना है. सीरीज शुरू होने से पहले अफगानिस्तान की टीम ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है. हालांकि अभी तक टीम इंडिया का ऐलान होना बाकी है. अफगानिस्तान की टीम पहली बार टी20 सीरीज के लिए भारत का दौरा कर रही है. इस साल खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह सीरीज काफी काफी अहम होने वाली है. खासकर टीम इंडिया के लिए. दरअसल टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारियों के लिए भारतीय टीम के सिर्फ यही 3 मुकाबले बचे हैं. इस सीरीज का पहला मैच मोहाली, दूसरा इंदौर और तीसरा बेंगलुरु में खेला जाएगा. लेकिन इस मैच को आप स्टार स्पोर्ट्स पर अब नहीं देख पाएंगे. चलिए बताते हैं कि भारत बनाम अफगानिस्तान मैच को आप लाइव आप कहां देख सकते हैं.
भारत और अफगानिस्तान के बीच तीनों टी20 मैच भारतीय समयानुयार शाम 7:00 बजे से शुरु होंगे. इन मैचों का लाइव टेलीकास्ट अब आप स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर किया जाएगा. वहीं, टी20 सीरीज की लाइव स्ट्रीमिंग आप फ्री में जियो सिनेमा पर देख सकेंगे.
कब, कहां और कहां खेला जाएगा भारत और अफगानिस्तान का मैच

> भारत और अफगानिस्तान के बीच 11 जनवरी से तीन मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होना है. सीरीज शुरू होने से पहले अफगानिस्तान की टीम ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है.

भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच गुरुवार (11 जनवरी) को मोहाली में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम में खेला जाएगा. इसके बाद दूसरा टी20 मैच इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में होगा. वहीं, सीरीज के आखिरी मैच में दोनों टीमें बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी.
भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीमः
इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नईब और राशिद खान.

# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवार्ड चार खिलाड़ियों को मिलेगा

**नई दिल्ली**

आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नॉमिनेट खिलाड़ियों का ऐलान कर दिया गया है। खास बात ये है कि चार में से तीन खिलाड़ी इसमें भारतीय ही हैं। यानी भारत के ?इन तीन में से किसी भी खिलाड़ी को ये अवार्ड मिल सकता है, लेकिन दूसरे खिलाड़ी से भी टक्कर होगी।
इस बार भारत की ओर से ?पूर्व कप्तान विराट कोहली, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम इसमें शामिल है। वहीं चौथे खिलाड़ी के रूप में न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल का नाम इसमें शामिल है।

**मोहम्मद शमी ने आईसीसी वनडे विश्व कप में मचाया था गदर**

इसके बाद आईसीसी ने भारतीय पेसर मोहम्मद शमी को भी नॉमिनेट किया है। जिन्होंने पूरे विश्व कप में कमाल की गेंदबाजी की और साल के हीरे के तौर पर उभरे। मोहम्मद शमी ने 19 वनडे मैचों में 43 विकेट चटकाए। इसके साथ ही उनके बल्ले से 36 रन निकले और तीन



कैच भी उन्होंने लपके हैं। साल 2023 के विश्व कप के शुरुआती कुछ मैचों में उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला, लेकिन जब मिला तो उन्होंने कहर बरपा दिया था। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान 10.7 की शानदार औसत से 24 विकेट लिए और विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। आखिर के सात मैचों में से तीन बार उन्होंने पांच विकेट और एक बार चार विकेट लिए। इस तेज गेंदबाज ने पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत पांच लिए।



**शुभमन गिल ने साल 2023 में की कमाल की बल्लेबाजी**

बात सबसे पहले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की करते हैं। शुभमन ने साल 2023 में 29 वनडे मैचों में 1584 रन बनाए हैं, वहीं 24 कैच भी उनके नाम हैं। उन्होंने 63.36 की औसत से बल्लेबाजी की, जो काफी अच्छा है। इससे पहले केवल सचिन तेंदुलकर 1996, 1998, राहुल द्रविड़ 1999 और सौरव गांगुली 1999 ही एक साल में उनसे ज्यादा रन बनाने में कामयाब रहे हैं।
उन्होंने पिछले साल वनडे में कुल मिलाकर पांच शतक लगाए। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने साल 2023 में जमकर रन बनाए। शुभमन गिल ने साल 2023 में खेले गए वनडे विश्व कप में कुल 354 रन बनाए। हालां?कि विश्व कप का आगाज होने के साथ ही उन्हें डेंगू हो गया था, लेकिन शुरुआती कुछ मैच मिस करने के बाद वे वापस आए और फिर खूब रन भी बनाए।

**विराट कोहली और डेरिल मिचेल का भी नाम शामिल**

विराट कोहली की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में 27 मैचों में 1377 रन रन बनाए और एक विकेट भी हासिल किया। विराट कोहली ने साल में 12 कैच भी लिए। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में आईसीसी की ओर से उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का भी खिताब मिला। इन तीन भारतीयों के अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। उन्होंने 26 मैचों में 1204 रन के साथ ही 9 विकेट लिए और 22 कैच भी पकड़े।

# बॉलीवुड तड़का

## ओम शांति ओम नहीं थी दीपिका की पहली फिल्म





**मुंबई :** बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण आज 38 साल की हो गईं और दुनिया भर से एक्ट्रेस के लिए उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं आ रही हैं. अपने 17 साल के एक्टिंग करियर में दीपिका ने कई पंख जोड़े हैं. वह न केवल लुई वुइटन, कार्टियर, लेविस, कतर एयरवेज आदि जैसे इंटरनेशनल ब्रांडों की हाउस ब्रांड एंबेसडर बनने वाली पहली इंडियन एक्ट्रेस बनीं, बल्कि अपने आकर्षक प्रदर्शन के लिए कई फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर अवार्ड भी जीते हैं.

जब से, दीपिका पादुकोण फिल्म 'ओम शांति ओम' में पीली टैक्सी से गुलाबी लहंगा पहनकर निकलीं, जिसके बैकग्राउंड में 'आंखो में तेरी' गाना बज रहा था, तब से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया और क्वीन का टैग जीत लिया. हालांकि, हर कोई नहीं जानता कि शाहरुख खान स्टारर डीपी की पहली फिल्म नहीं थी. लेकिन उन्होंने ओम शांति ओम में काम करने से पहले एक कन्नड़ फिल्म में काम किया था क्योंकि इसकी निर्देशक फराह खान चाहती थीं कि दीपिका को फिल्म में काम करने के पीरि प्रोसेस के बारे में पता हो, क्योंकि दीपिका इंडस्ट्री से बाहर से थीं और उनके पास फिल्म-सेट का कोई अनुभव नहीं था.

दीपिका पादुकोण ने 2006 में इंद्रजीत लंका द्वारा निर्देशित कन्नड़ भाषा की रोमांटिक फिल्म में काम किया, जिसका नाम ऐश्वर्या था. कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले निर्देशकों और अभिनेताओं में से एक, उपेन्द्र राव इस फिल्म में मुख्य अभिनेता थे. वहीं दीपिका पादुकोण की डेब्यू फिल्म में डेजी बोपन्ना ने भी अहम भूमिका निभाई थी. इसके फ्लैशबैक सीक्वेंस 2005 की फिल्म गजनी से प्रेरित हैं. फिल्म में, उपेन्द्र एक अमीर विज्ञापन कार्यकारी के रूप में दिखाई देते हैं और दीपिका एक मैनेजर के रूप में दिखाई देती हैं.

> उपेन्द्र राव इस फिल्म में मुख्य अभिनेता थे. वहीं दीपिका पादुकोण की डेब्यू फिल्म में डेजी बोपन्ना ने भी अहम भूमिका निभाई थी. इसके फ्लैशबैक सीक्वेंस 2005 की फिल्म गजनी से प्रेरित हैं. फिल्म में, उपेन्द्र एक अमीर विज्ञापन कार्यकारी के रूप में दिखाई देते हैं और दीपिका एक मैनेजर के रूप में दिखाई देती हैं.

## आलीशान घर से लेकर लग्जरी कारों की मालकिन हैं रश्मिका मंदाना




**मुंबईः** रश्मिका मंदाना इस समय देश की सबसे फेमस एक्ट्रेस में से एक हैं. केवल सात सालों की छोटे समय के भीतर, एक्ट्रेस ने पुष्पा, गीता गोविंदम, सीता रामम और कई अन्य फिल्मों में अभिनय किया है और ऑडियंस के दिलों में अपने लिए एक जगह बना ली है. टाइम के साथ एक्ट्रेस ने अपने आप को अपनी संपत्ति दोनों को आगे बढ़ाया है. आपको जानकर आश्चर्य होगा कि साथ सालों में एक्ट्रेस के पास कई घर, लक्जरी कार और एक शानदार लाइफ स्टाइल एंजॉय करती है. इसके अलावा, एक्ट्रेस के पास करोड़ों की संपत्ति भी है. इन सबके बावजूद, रश्मिका काफी जमीन से जुड़ी हुई हैं.

रश्मिका मंदाना को रियल एस्टेट में भारी निवेश के लिए जाना जाता है. अभिनेत्री के पास देशभर के प्रमुख महानगरों में आलीशान आवासों की भरमार है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके रियल एस्टेट पोर्टफोलियो में बेंगलुरु में लगभग आठ करोड़ रुपये का बंगला और मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट शामिल है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि जब उन्होंने पहली बार इस घर को देखा तो उन्हें इससे प्यार हो गया।

उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पालतू गोल्डन रिट्रीवर ऑरा को भी यह जगह बहुत पसंद है. इसके अलावा, अभिनेत्री ने बताया कि उसे शहर मौसम और अपनी नई जगह के आसपास की हर चीज बहुत पसंद है, और उसने कहा कि वह एक जिप्सी की तरह महसूस करती है जो नई जगहों पर घूमती रहती है.मुंबई में अपने अपार्टमेंट और बेंगलुरु में अपने बंगले के अलावा, अभिनेत्री के पास गोवा, कूर्ग और हैदराबाद में भी ऐसी ही संपत्तियां हैं. यह पता चला है कि कई संपत्तियां काफी फायदेमंद हैं, क्योंकि प्रोफेशनल कारणो के वजह से उन्हें अक्सर इन जगहों पर आना-जाना पड़ता रहता है.

## एनिमल पार्टी में रश्मिका मंदाना को रणबीर ने सरेआम किया किस





नई दिल्लीः संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल एक जबरदस्त ब्लॉकबस्टर हिट रही है. 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई फिल्म ने दर्शकों का भी भरपूर प्यार मिला है. फिल्म के किरदारों ने रातों-रात स्टारडम हासिल कर लिया. इस सफलता का जश्न मनाने एनिमल की पूरी टीम ने कल शनिवार को जमकर पार्टी की थई. फिल्म के निर्माताओं ने एक ग्लैमरस ब्लैक कारपेट पार्टी का आयोजन किया था. इसमें फिल्म की लीड हीरोइन रश्मिका मंदाना भी शामिल हुई थी. रश्मिका खासतौर पर हैदराबाद से पार्टी में पहुंची थीं उन्हें देखकर रणबीर कपूर खुशी से झूम उठे थे. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

इस कार्यक्रम में पूरी कास्ट, क्रूऔर बॉलीवुड की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं. सभी बेहद हॉट और ग्लैमरस लुक में पार्टी की शान बढ़ाने आए थे.

> रश्मिका पार्टी में आईं रणबीर कपूर ने उन पर नजर पड़ी और आगे बढ़कर रश्मिका को गले लगा लिया. साथ ही रणबीर ने रश्मिका को गाल पर प्यार से किस किया. ये वीडियो देख सोशल मीडिया पर फैंस रणविजय बलवीर सिंह और गीतांजलि को साथ देखकर खुश हो गए. फैंस इस वीडियो पर खूब प्यार लुटा रहे हैं. एनिमल की ये जोड़ी सबका दिल जीत रही है.

हैदराबाद से उड़कर रश्मिका मंदाना ने पार्टी में स्टाइलिश तरीके से एंट्री ली थी. वह पुष्पा 2 के एक गाने की शूटिंग में व्यस्त थीं. अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद, उन्होंने एनिमल की सक्सेज पार्टी की शोभा बढ़ाने के लिए ब्रेक लिया. जैसे ही रश्मिका पार्टी में आईं रणबीर कपूर ने उन पर नजर पड़ी और आगे बढ़कर रश्मिका को गले लगा लिया. साथ ही रणबीर ने रश्मिका को गाल पर प्यार से किस किया. ये वीडियो देख सोशल मीडिया पर फैंस रणविजय बलवीर सिंह और गीतांजलि को साथ देखकर खुश हो गए. जोड़ी सबका दिल जीत रही है. रश्मिका मंदाना का एक और वीडियो चर्चा में है जिसमें वो फिल्म की दूसरी हीरोइन तृप्ति डिमरी से मुलाकात कर रही हैं.



## विक्की-कैटरीना ने इस खास अंदाज में किया इसाबेल कैफ को बर्थडे विश

**मुबई।** कैटरीना कैफ और विक्की कौशल वैवाहिक सुख की चमक का आनंद ले रहे हैं. एक साथ यादगार लम्हों के अलावा, यह कपल लगातार अपने-अपने परिवारों के साथ जुड़ने का प्रयास करता है. दोनों परिवार एक क्लोज रिलेशनशिप शेयर करते हैं, अक्सर विभिन्न अवसरों पर एक साथ देखा जाता है, चाहे वह क्रिसमस, शादी की पार्टियों या छुट्टियों के दौरान दोनों परिवार जिसमें कैटरीना की बहन इसाबेल, विक्की के भाई सनी कौशल और उनकी प्रेमिका शारवरी वाघ शामिल होती हैं, और वह विकट के साथ खुशी के जश्न मनाने का मौका कभी नहीं चूकते. हाल ही में, इसाबेल के जन्मदिन पर, टीम ने उन्हें सबसे प्यारी शुभकामनाएं दीं, जो उनके बीच साझा की गई गर्मजोशी और सौहार्द को दर्शाता है.हाल ही में, कैटरीना कैफ ने अपनी बहन इसाबेल कैफ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज का सहारा लिया. उन्होंने अपने जन्मदिन के डार्क चॉकलेट केक पर मोमबत्तियां बुझाने के लिए तैयार इसाबेल की एक खूबसूरत तस्वीर साझा की. कुकीज़, स्ट्रॉबेरी और मैकरॉन से सजा हुआ केक शानदार ढंग से जलाया गया था.

## सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ ओटीटी पर धमाल मचाने को तैयार रोहित शेट्टी

**नई दिल्लीः** बॉलीवुड एक्शन डायरेक्टर रोहित शेट्टी अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, हाल ही में डायरेक्टर इंडियन पुलिस फोर्स के साथ ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं. वह सिम्बा, सिंघम और सूर्यवंशी जैसी हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. निर्देशक अब सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय अभिनीत एक्शन कॉप वेब सीरीज़ इंडियन पुलिस फ़ोर्स के साथ ओटीटी में अपना कदम रख रहे हैं. हाल ही में इसके मेकर्स ने इसका ट्रेलर इंटरनेट पर जारी किया गया है.आज, 5 दिसंबर को रोहित शेट्टी की एक्शन कॉप वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर इंटरनेट पर रिलीज हो गया है. अच्छी तरह से संपादित ट्रेलर सीरीज के कई रोमांचक संवादों और एक्शन से भरपूर सीन्स से भरा है, जिसमें इसके अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय शामिल हैं. यह दिल्ली के तीन पुलिसकर्मियों की कहानी है, जो शक्तिशाली आपराधिक ताकतों के साथ आमने-सामने हैं. ट्रेलर में रोहित शेट्टी के ट्रेडमार्क कारों में एक्शन करने और हवा में उड़ने के साथ-साथ बंदूकों की धधकती तस्वीरें भी हैं.

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार
TitleCode: UPHIN51223
मोबाइल नंबर
9456884327
Officialsabkasapna@gmail.com
www.sabkasapna.com
नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

## पीएम नरेंद्र मोदी के कायल हुए सलमान खान, कर दी इस बात पर तारीफ

**मुंबई,** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान, जॉन अब्राहम और श्रद्धा कपूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में उतर आए हैं. सोशल मीडिया पर इन स्टार्स ने खुलकर नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप यात्रा की सराहना की है. साथ में लक्षद्वीप के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी तस्वीरें भी साझा की हैं. खासतौर पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने एक्स (ट्विटर) का समर्थन किया है.

सलमान ने पीएम के लक्षद्वीप के टूरिज्म को बढ़ावा देने के कार्यों की तारीफ की है. एक्टर ने यह भी कहा कि ये सब हमारे भारत में है.पीएम नरेंद्र मोदी को लक्षद्वीप में देखकर सलमान खान ने भी खुशी जाहिर की. उन्होंने एक्स पर लिखा, लक्षद्वीप के सुंदर, साफ और शानदार समुद्र तटों पर हमारे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्रभाई मोदी को देखना बहुत अच्छा है, और सबसे अच्छी बात यह है कि ये हमारे भारत में हैं.जॉन अब्राहम ने इस ट्रेंड में भाग लिया और लक्षद्वीप से तस्वीरों की शेयर करते हुए फैंस से भारतीय द्वीप का दौरा करने की अपील की थी. जॉन ने लिखा, ₹अद्भुत भारतीय आतिथ्य, अतिथि देवो भव₹ के विचार और विशाल समुद्री जीवन का पता लगाने के साथ.

> अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी स्नॉर्कलिंग गए और समुद्र तट पर आराम का आनंद लिया. उनकी तस्वीरें वायरल होने के कुछ दिनों बाद सोशल मीडिया पर हैशटैग ' ट्रेंड करने लगा था. इसे देखकर बॉलीवुड स्टार्स भी पीएम मोदी के कायल हो गए और उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना सपोर्ट दिया था.

लक्षद्वीप जाने लायक जगह हैपिछले हफ्ते प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप का दौरे किया था. साथ में पीएम ने यहां के पर्यटन को बढ़ावा देने जमकर प्रमोशन भी किया था.

पीएम कभी बीच पर आराम फरमाते तो कभी समंदर में गोते लगाते दिखे थे. हैशटैग एक्स पर ट्रेंड करने लगा था. पीएम यहां कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीप समूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन का उद्घाटन करने आए थे. साथ ही प्रधानमंत्री ने यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा और पांच मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के नवीनीकरण की आधारशिला भी रखी थी.

अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी स्नॉर्कलिंग गए और समुद्र तट पर आराम का आनंद लिया. उनकी तस्वीरें वायरल होने के कुछ दिनों बाद सोशल मीडिया पर हैशटैग ' ट्रेंड करने लगा था. इसे देखकर बॉलीवुड स्टार्स भी पीएम मोदी के कायल हो गए और उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना सपोर्ट दिया था.

